भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ASIAN AGE DELHI 28 MARCH 2026

■ Five-tier security ring for inauguration; 5,000 personnel deployed

Modi to open Noida airport today

New Delhi, March 27: The much-awaited Noida International Airport is set to be inaugurated on Saturday by Prime Minister Narendra Modi, the second major airport in the National Capital Region that will boost the country's efforts to be a global aviation hub.

Among the largest greenfield airport projects in the country, Noida Airport, located in Jewar, Gautam Buddh Nagar district of Uttar Pradesh, will initially have a capacity to handle 12 million passengers per annum.

Once fully developed, the airport will have a total passenger handling capacity of 70 million.

Mr Modi on Friday said the airport will boost commerce and connectivity and ease congestion at the Indira Gandhi International Airport in the national capital.

"Tomorrow, March 28, is a day of immense importance for the people of Uttar Pradesh and the NCR. Phase-1 of Noida International Airport will be inaugurated. This will boost commerce and connectivity. It will ease congestion at the IGI Airport in Delhi," he said.

The first phase of the airport has been developed at an investment of around ₹11,200 crore.

"DXN" is the code for the airport, which will be operated by Yamuna International Airport Pvt. Ltd (YIAPL), a subsidiary of Zurich Airport International AG, under a public-private partnership.

A view of the newly-constructed Noida International Airport ahead of its inauguration by Prime Minister Narendra Modi on Saturday. — PTI

"The airport features a 3,900-metre runway capable of handling wide-body aircraft, along with modern navigation systems including instrument landing system (ILS) and advanced airfield lighting to support efficient, all-weather, round-the-clock operations," an official statement said on Thursday.

Originally scheduled to commence passenger services in September 2024, NIA is being developed in four phases along with a dedicated cargo terminal.

It received an aerodrome license from the aviation regulator, DGCA, earlier this month.

According to an official statement on Friday, the Delhi and Noida airports will function together as an integrated aviation system, easing congestion, expanding passenger capacity, and positioning Delhi-NCR among the leading global aviation hubs.

A five-tier security ring has been put in place, and around 5,000 security personnel have been deployed for the inauguration of Noida International Airport on Saturday.

The airport will have a robust cargo ecosystem, including a multi-modal cargo hub, featuring an integrated cargo terminal and logistics zones. — PTI

Traffic curbs, diversions in Noida for event today

Noida, March 27: Entry routes have been earmarked, parking zones segregated, and commercial vehicles diverted as the Gautam Buddh Nagar traffic police issued a detailed advisory ahead of Prime Minister Narendra Modi's visit for the inaugural ceremony of Noida Airport on Saturday.

The advisory will remain in force from 7 am to 11 pm on Saturday, with arrangements made to ensure uninterrupted passage of emergency vehicles such as ambulances and fire services.

Vehicles from Meerut and Ghaziabad will be routed via the eastern peripheral expressway, exiting at Sirsa toll and proceeding through designated roundabouts before reaching the venue, where separate parking zones — P-07 (Meerut) and P-06 (Ghaziabad) — have been earmarked, officials said.

Traffic coming from Mathura and Aligarh via Yamuna Expressway will exit at Jewar cut and enter through Sabauta underpass and Kishorpur gate, with parking allocated in zones P-05, P-09 and P-11 respectively. Vehicles from Hapur, Bulandshahr and nearby areas will be diverted along the Jewar-Khurja road and enter through Parohi gate, with parking arranged in zones P-13 and P-14.

Dignitaries will access the venue through the dedicated Yamuna Expressway interchange and park in zones P-01, P-02 and P-03, while media personnel will enter via Kishorpur gate and park in P-08.

The police, administrative and government staff on duty will also use the Kishorpur gate, with parking designated at P-10, while official buses will be routed via Dayanantpur and parked in P-15.

Commuters from Noida and Greater Noida using the Noida-Greater Noida Expressway will be diverted through specified roundabouts and service roads before entering via a temporary gate near Ranehra Police Post, with parking mainly at P-07.

Vehicles from Greater Noida west will be routed through Pari Chowk, while those from Dankaur and nearby regions will follow service roads and canal routes to designated entry points. — PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 28 MARCH 2026

नोएडा हवाईअड्डे का उद्घाटन आज

नोएडा एयरपोर्ट

पीएम मोदी ने कहा-उत्तर प्रदेश व एनसीआर के लिए अहम दिन

नोएडा। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा व्यापार एवं कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा और दिल्ली के आईजीआई हवाईअड्डे पर भीड़भाड़ को कम करेगा। प्रधानमंत्री शनिवार को नवनिर्मित नोएडा हवाईअड्डे का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उत्तर प्रदेश व एनसीआर के लोगों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण दिन है। नोएडा हवाईअड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इसे दिल्ली-एनसीआर के दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के रूप में विकसित किया गया है।

- नोएडा हवाईअड्डा देश की प्रमुख हरित परियोजनाओं में से एक है।
- **11,200 करोड़ रुपये की लागत** से बने इस हवाईअड्डे से शुरुआत में प्रति वर्ष 1.2 करोड़ यात्री आवाजाही कर सकेंगे।

ब्यूरो >> 25 वर्षों का इंतजार खत्म : पेज 8

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 28 MARCH 2026

पीएम मोदी आज देंगे नोएडा हवाईअड्डे की सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा और दिल्ली के आईजीआई हवाईअड्डे पर भीड़भाड़ को कम करेगा। प्रधानमंत्री शनिवार को यूपी के गौतमबुद्ध नगर में नवनिर्मित नोएडा हवाईअड्डे का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, 28 मार्च, उत्तर प्रदेश और एनसीआर क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण दिन है। नोएडा हवाईअड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इसे दिल्ली-एनसीआर के दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के रूप में विकसित किया गया है, जो इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का पूरक है। नोएडा हवाईअड्डा देश की प्रमुख हरित परियोजनाओं में से एक है। यात्री सेवाओं के अलावा, इसमें मजबूत कार्गो प्रणाली होगी, जिससे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि इसका उद्घाटन भारत के वैश्विक विमानन केंद्र बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

11,200 करोड़ रुपये की लागत से बने इस हवाईअड्डे से शुरुआत में प्रति वर्ष 1.2 करोड़ यात्री आवाजाही कर सकेंगे। नोएडा हवाईअड्डा भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजनाओं में से एक है।

>> संबंधित खबर पेज 02 पर

वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज के लिए जेवर से सीधी फ्लाइट

उत्तर प्रदेश में अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, कुशीनगर के लिए जेवर से सीधे उड़ान होगी। इसके अलावा पर्यटकों के लिए जम्मू, अमृतसर व बिहार में गया के लिए भी पर्यटकों को यहां से फ्लाइट मिलेगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 28 MARCH 2026

वीआईपी को ले जाने वाले विमान के चालक दल पर न डालें अनुचित दबाव

डीजीसीए ने जारी किए नए दिशा-निर्देश, कहा-नियमों का उल्लंघन भी हादसों की वजह

मुंबई/नई दिल्ली। देश के विमानन नियामक डीजीसीए ने मुख्यमंत्रियों व राज्यपालों सहित महत्वपूर्ण (वीआईपी) व अति महत्वपूर्ण यात्रियों (वीवीआईपी) को ले जाने वाले विमानों के संचालकों के लिए शुक्रवार को नए दिशानिर्देश जारी किए। इसमें साफ किया गया कि चालक दल पर किसी तरह का अनुचित दबाव नहीं डाला जाना चाहिए, ताकि उड़ान सुरक्षित तरीके से संचालित की जा सके। डीजीसीए ने कहा कि निर्देशों के उल्लंघन हादसों की बड़ी वजह है।

वीआईपी-वीवीआईपी को ले जाने वाले विमान और हेलिकॉप्टर संचालकों पर लागू होने वाले ये दिशा-निर्देश जनवरी में हुए हादसे के मद्देनजर जारी किए गए हैं, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मृत्यु हो गई थी। डीजीसीए ने कहा, वीआईपी या वीवीआईपी की जरूरतों के कारण निर्धारित उड़ान में अंतिम समय में किसी भी बदलाव का समन्वय केवल प्रबंधन के जरिये हो, न कि सीधे चालक दल के साथ। डीजीसीए ने यह भी कहा कि वीवीआईपी की चुनावी उड़ानों से जुड़ी पिछली दुर्घटनाओं के विश्लेषण से पता चला है कि निर्देशों का उल्लंघन होने के कारण सुरक्षा खतरे में पड़ी है। ब्यूरो/एजेंसी

पायलट को विमान उड़ाने का 3,000 घंटों का हो अनुभव

वीवीआईपी यात्रियों को ले जाने वाले गैर-निर्धारित विमान के पायलट इन कमांड के पास कम से कम 3,000 घंटों का उड़ान अनुभव होना चाहिए। हेलिकॉप्टर के मामले में यह अनुभव 2,000 घंटों का होना चाहिए।

चुनाव के दौरान उड़ान भरना चुनौतीपूर्ण कार्य : नियामक ने कहा, चुनाव के दौरान उड़ान कौशल, व्यावसायिकता और सूझबूझ अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है। उड़ान के लंबे घंटे, बड़ी संख्या में टेक-ऑफ और लैंडिंग, जल्दबाजी में तैयार किए गए हेलीपैड, यात्रा कार्यक्रम में बार-बार बदलाव और तनावपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था शामिल हैं। इसलिए प्रबंधन को उड़ान भरने वाले व्यक्ति को बताना चाहिए कि वह उड़ान दल और अन्य पेशेवरों के निर्णयों का सम्मान करे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 28 MARCH 2026

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज करेंगे नोएडा एयरपोर्ट का लोकार्पण

जागरण संवाददाता, नोएडा

24 साल का इंतजार समाप्त हो चुका है। जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण के साथ वर्षों पहले देखा गया सपना फलीभूत हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों लोकार्पण के लिए नोएडा एयरपोर्ट तैयार हो चुका है। लोकार्पण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की सुरक्षा और जनसभा की व्यवस्थाओं दुरुस्त रखने के लिए शुक्रवार को अंतिम रूप दिया गया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने जनसभा स्थल पहुंच सुरक्ष और यातायात की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसपीजी ने अपने हाथ में ले ली है। सीआइएसएफ, पीएसी, आरएएफ और एटीएस के जवान भी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल एवं एयरपोर्ट परिसर में सीसीटीवी से निगरानी के लिए बने कंट्रोल रूम और पुलिस हेल्प डेस्क ने शुक्रवार से काम शुरू कर दिया है।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के अलावा अन्य वीआइपी की सुरक्षा को देख पूरे क्षेत्र को रेड जोन घोषित करते हुए एंटी ड्रोन सिस्टम की तैनाती की गई है। इंटरनेट मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस की तरफ से यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के 20 हजार वाहनों के लिए 15 पार्किंग की व्यवस्था की गई है। रैली स्थल और उसके आने जाने वाले रास्तों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर रियल टाइम मानिटरिंग की व्यवस्था है। आपातकालीन एवं आपदा प्रबंधन के तहत एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ ही फायर ब्रिगेड को स्टैंडबाय मोड पर रखा गया है। सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ ही एयरपोर्ट पर शुक्रवार को माक ड्रिल भी कराई गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल डेस्क, एंबुलेंस एवं एंबुलेंस कारिडोर बनाया गया है। बम एवं अन्य खतरों से निपटने के लिए स्नाइफर डाग एवं डाग स्क्वाड की तैनाती के साथ बम निरोधक दस्ते की टीमों द्वारा चेकिंग की जा रही है। पीएम की सुरक्ष के लिए कमिश्नरेट पुलिस की तरफ से खास ड्रेस कोड में पुलिस के तेजतर्रार सब इंस्पेक्टरों को सुरक्षा घेरा में तैयार किया है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने संभाली व्यवस्थाएं : जनसभा से लेकर लोगों के आवागमन को आसान बनाए रखने के लिए जिले के अलावा अन्य जिलों से 20 एडीएम और 40 से अधिक एसडीएम को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है। यातायात व्यवस्था से लेकर जनसभा और हेलीपैड पर इन अधिकारियों को व्यवस्थाओं को देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है। सभी अधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर से अपनी जिम्मेदारी संभाल ली।

पीएम की सुरक्षा में एसपीजी, पीएसी, आरएएफ और एटीएस के अलावा पांच हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के यात्री टर्मिनल बिल्डिंग में बना अंतरराज्यीय द्वार। जागरण

उप्र और एनसीआर के लोगों के लिए 28 मार्च का दिन महत्वपूर्ण है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चरण-I का उद्घाटन किया जाएगा। इससे व्यापार और कनेक्टिविटी को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। नोएडा एयरपोर्ट हमारे देश की प्रमुख ग्रीनफील्ड परियोजनाओं में से एक है। यात्री सेवाओं के अलावा, यहां मजबूत कार्गो प्रणाली भी विकसित की जा रही है, जिससे लाजिस्टिक्स सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। - **प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी**

'नया उत्तर प्रदेश' वैश्विक कनेक्टिविटी और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के हब के रूप में स्थापित हो रहा है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के प्रथम चरण का भव्य उद्घाटन होगा। यह एयरपोर्ट आर्थिक प्रगति के नए द्वार खोलने के साथ ही प्रदेश के विकास व समृद्धि यात्रा को नई गति प्रदान करेगा।
-**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 26 MARCH 2026

Flights at Navi Mumbai airport to grow 3x in summer schedule

Aneesh Phadnis
Mumbai

Flights at Navi Mumbai airport are set to treble with the launch of new destinations, including Kolkata, Ayodhya, Agra and Tirupati, in the summer schedule starting Sunday.

Domestic passenger operations at Navi Mumbai began last Christmas with 46 scheduled flights (arrival and departure).

The airport currently handles around the same number of scheduled flights and this is expected to increase to 144 in the summer schedule.

There are no immediate plans for international operations.

CAPACITY EXPANSION

Until February end, the airport handled over 4 lakh passengers, Airport Authority of India data show.

Until February end, the airport handled over 4 lakh passengers

IndiGo will lead the capacity expansion at the airport with 116 flights (arrival and departures).

The number of destinations connected by IndiGo from Navi Mumbai will rise from 13 to 46.

This follows a tweak in its network. Destinations like Ayodhya, Agra, Hindon, Jabalpur and Tirupati will be served from Navi Mumbai instead of Mumbai.

An executive said there would be no reduction in overall capacity at Mumbai and only destinations contributing fewer connecting traffic to its international routes are being moved to Navi Mumbai.

Akasa Air is expected to operate 16 flights and add new destinations — Kolkata and Lucknow. Air India Express will have around 12 flights daily, including a new service to Hyderabad.

Star Air, which launched operations from Navi Mumbai on Day 1, is not resuming connectivity from the airport. The airline earlier cited aircraft availability issues for the route suspension.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 28 MARCH 2026

नोएडा एयरपोर्ट से बढ़ेंगे प्रॉपर्टी के दाम!

संकेत कौल
नई दिल्ली, 27 मार्च

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) के उद्घाटन से यमुना एक्सप्रेसवे के आसपास जमीन-जायदाद के दाम काफी बढ़ने के आसार हैं। बाजार विश्लेषकों और डेवलपरों का कहना है कि रिहायशी और औद्योगिक दोनों इकाइयों की कीमतों में इजाफा होगा जिसका असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बाजारों पर भी पड़ेगा।

रियल एस्टेट सलाहकार फर्म कॉलियर्स के आंकड़ों के अनुसार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में अगले दो वर्षों के दौरान भूखंड के दाम करीब 28 फीसदी और अपार्टमेंट की कीमतें करीब 22 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। जेवर भी इसी इलाके में स्थित है जहां नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन शनिवार को होगा।

जेवर हवाई अड्डे की घोषणा 2021 में की गई थी। उसके बाद से ही इस क्षेत्र के रियल एस्टेट में काफी हलचल देखी जा रही है। पिछले 5 वर्षों के दौरान यीडा इलाके के अपार्टमेंट की कीमतें करीब तीन गुना बढ़ चुकी हैं। कीमतें 2020 में 3,200 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 2025 में 9,600 रुपये प्रति वर्ग फुट दर्ज की गईं। नैशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नरेडको) के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे एसईजेड के कुछ सेक्टरों में दरें पहले ही करीब 8,000 रुपये प्रति वर्ग फुट तक पहुंच चुकी हैं। उन्होंने कहा, 'यह काफी महत्त्वपूर्ण है। खास तौर पर यह देखते हुए कि जेवर के प्रभाव वाले इलाकों जमीन के दाम पिछले 5 वर्षों के दौरान करीब 40 फीसदी बढ़ चुके हैं।'

डेवलपरों और बाजार विश्लेषकों का कहना है कि शुरुआती वृद्धि को निवेशकों से रफ्तार मिलने की उम्मीद है। ऐसे में विशेष रूप से कॉरिडोर के साथ भूखंडों और शुरुआती स्तर की रिहायशी परियोजनाओं में वृद्धि होगी।

निवेशकों से मांग को रफ्तार

- नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जेवर, नोएडा व ग्रेटर नोएडा में जमीन के दाम बढ़ने के आसार
- रियल एस्टेट में निवेश बढ़ने से मांग में आएगी तेजी
- लघु अवधि में बाजार को निवेशकों से मिलेगी रफ्तार

नोएडा के निंबस ग्रुप के मुख्य कार्याधिकारी साहिल अग्रवाल ने कहा, 'कम ऊंचाई वाली परियोजनाओं और एकीकृत टाउनशिप की लोकप्रियता बढ़ रही है। उद्योगों और संस्थानों का संचालन शुरू होने के साथ ही अच्छी तरह से नियोजित रिहायशी परियोजनाओं की मांग बढ़ रही है।'

यमुना एक्सप्रेसवे के आसपास भूखंडों की कीमतें 2020 में 1,100 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं जो करीब 127 फीसदी बढ़कर 2025 में 2,500 रुपये प्रति वर्ग फुट हो चुकी हैं। साल 2027 तक इसे 3,200 रुपये प्रति वर्ग फुट तक पहुंचने का अनुमान है।

डेटा सेंटर जैसी औद्योगिक इकाइयों में लगातार निवेश किया जा रहा है। इस प्रकार औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक केंद्र स्थापित होने से रोजगार बढ़ने और मध्यावधि में अंतिम उपयोगकर्ता की मांग में बदलाव होने की भी उम्मीद है।

कंट्री ग्रुप के निदेशक अमित मोदी ने कहा, 'नोएडा एक्सप्रेसवे और हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्र में डेटा सेंटर, आईटी पार्क, लॉजिस्टिक्स हब, रिटेल और होटल संपत्तियों में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है।'

(शेष पृष्ठ 4 पर)

नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से बढ़ेंगे जमीन के दाम

पृष्ठ 1 का शेष...

नोएडा, ग्रेटर नोएडा को फायदा

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कारण यीडा में बढ़ रही दिलचस्पी का फायदा पड़ोसी नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बाजारों को भी मिलेगा।

नोएडा मेट्रो के विस्तार और गाजियाबाद-जेवर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) जैसी बुनियादी ढांचा कनेक्टिविटी वाली परियोजनाओं से इस क्षेत्र में मांग बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही इससे आसपास के तकनीकी एवं फिल्म केंद्रों में 4,50,000 से अधिक नौकरियों का सृजन भी होगा। ऐसे में पहले केंद्रीय नोएडा पर ध्यान केंद्रित करने वाले डेवलपर अब ग्रेटर नोएडा और यीडा सहित एक्सप्रेसवे पट्टी में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं।

सलाहकार फर्म एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, साल 2022 से 2025 के बीच नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा के इलाकों में 52,000 से अधिक रिहायशी इकाइयों को लॉन्च किया गया है।

एनसीआर में काम करने वाली रियल एस्टेट कंपनी निराला वर्ल्ड के सीएमडी सुरेश गर्ग ने कहा कि नोएडा एक्सप्रेसवे के आसपास ग्रेड-ए ऑफिस स्पेस की कीमतों में 20 फीसदी की वृद्धि देखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि यीडा लक्जरी होटल और हाई-स्ट्रीट रिटेल में काफी निवेश आकर्षित कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि विशेष रूप से ग्रेटर नोएडा में परियोजनाओं के लॉन्च में तेजी दिख रही है। जैन ने कहा, 'भूमि की उपलब्धता एवं नियोजित सेक्टर के मद्देनजर ग्रेटर नोएडा एक दमदार रिहायशी एवं संस्थागत केंद्र के रूप में उभर सकता है।' ग्रेटर नोएडा में सबसे अधिक यानी करीब 32,179 इकाइयों की आपूर्ति दर्ज की गई है। उसके बाद नोएडा में 11,312 और यीडा में 8,544 इकाइयां आईं। डेवलपरों ने कहा, 'नई परियोजनाओं में रिहायशी इकाइयां सबसे अधिक हैं जो विशेष रूप से प्रीमियम एवं ऊपरी श्रेणी की हैं।'

एचएनआई, एनआरआई की दिलचस्पी

खरीदारों का प्रोफाइल भी बदल रहा है। नोएडा की प्रॉपर्टी में निवेश करने वालों में धनाढ्य व्यक्तियों के अलावा प्रवासी भारतीय, कंपनियां, छोटे एवं मझोले शहरों के उद्यमी और चर्चित हस्तियां शामिल हैं।

स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स के अध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) आशिष जेरथ ने कहा, 'नोएडा न केवल दक्षिणी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली से अपग्रेड करने वाले मकान खरीदारों को फायदा पहुंचा रहा है बल्कि एक्सप्रेसवे के जरिये तेज कनेक्टिविटी के साथ यह उत्तर प्रदेश भर के खरीदारों को भी निवेश के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।'बीपीटीपी ग्रुप के सीईओ मणिक मलिक ने कहा कि नए हवाई अड्डे से निकटता को देखते हुए हरियाणा के फरीदाबाद को भी दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे (डीएमआईसी) और जेवर के बीच प्रस्तावित नमो भारत कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं के कारण बेहतर कनेक्टिविटी का फायदा मिलेगा।

किफायती होगी यीडा खासियत

यीडा क्षेत्र गुरुग्राम जैसे दिल्ली एनसीआर के अन्य प्रीमियम बाजारों के मुकाबले काफी सस्ता है। अग्रवाल ने कहा, 'अगर नोएडा और गुरुग्राम जैसे स्थापित बाजारों से तुलना की जाए तो यमुना एक्सप्रेसवे काफी सस्ता है।' एनारॉक ग्रुप के वाइस चेयरमैन संतोष कुमार ने बताया कि गुरुग्राम में औसत कीमतें 13,000 रुपये प्रति वर्ग फुट हैं जो नोएडा में 10,300 रुपये प्रति वर्ग फुट के मुकाबले 26 फीसदी अधिक हैं। ग्रेटर नोएडा में कीमतें 7,500 रुपये प्रति वर्ग फुट के मुकाबले गुरुग्राम की औसत कीमतों में 73 फीसदी का अंतर है। यीडा में कीमतें गुरुग्राम के मुकाबले लगभग आधी हैं। इसलिए इन क्षेत्रों में भी वृद्धि की काफी गुंजाइश है।' नाइट फ्रैंक इंडिया की राष्ट्रीय निदेशक (अनुसंधान) अंकिता सूद ने कहा कि दिल्ली एनसीआर में रिहायशी कीमतों के लिहाज से ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र नोएडा के मुकाबले सस्ते हैं। इससे दिल्ली और आसपास के इलाकों को भी फायदा होगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 28 MARCH 2026

Taxiing to take off, Jewar airport could lift land values

SANKET KOUL
New Delhi, 27 March

The inauguration of Noida International Airport (NIA) is expected to push up prices of both residential and industrial units in micromarkets along the Yamuna Expressway, with the momentum spilling over into neighbouring Noida and Greater Noida, according to developers and market observers.

Set to be inaugurated by Prime Minister Narendra Modi on Saturday, property values in the Yamuna Expressway Industrial Development Authority (Yeida) region, which includes Jewar, are projected to rise by 28 per cent for plots and 22 per cent for apartments over the next two years, according to Colliers. The region has seen strong realty activity since the airport was announced in 2021. Apartment prices in Yeida have nearly trebled over the past five years — from ₹3,200 per square foot (psf) in 2020 to ₹9,600 psf in 2025.

Praveen Jain, president of the National Real Estate Development Council, said rates in some sectors of the Yamuna Expressway Special Economic Zone had already touched around ₹8,000 psf. "This is significant, given that land values in the broader Jewar influence zone have risen by nearly 40 per cent over the past five years," Jain said.

Turn to Page 6

Prime Minister Narendra Modi will inaugurate Noida International Airport, the second major one in the National Capital Region, on Saturday PHOTO: NOIDA INTERNATIONAL AIRPORT





Taxiing to take off, Jewar airport could lift land values

Developers and market watchers expect Yeida's growth to be investor-led over the next two to three years, with a surge in plotted developments and early-stage residential projects, particularly along the expressway corridor.

"Formats such as low-rise developments and integrated townships are gaining traction. At the same time, as industries and institutions begin operations, they are adding to demand for well-planned housing," said Sahil Agarwal, chief executive officer of Noida-based Nimbus Group.

Plot prices along the Yamuna Expressway have reached ₹2,500 psf in 2025, up 127 per cent from ₹1,100 psf in 2020, and are projected to rise further to ₹3,200 psf by 2027.

Ongoing investments in data centres, industrial parks, and logistics hubs are expected to support job creation and gradually shift demand towards end-users over the medium term.

"Large-scale investments are underway in data centres, information technology parks, logistics hubs, retail and hospitality assets along Noida Expressway and near the airport zone," said Amit Modi, director at County Group.

Runway to riches

NIA's impact is already spilling over into Noida and Greater Noida.

Connectivity projects such as Noida Metro expansion and Ghaziabad–Jewar Regional Rapid Transit System are expected to further drive demand, alongside the creation of over 450,000 jobs across upcoming technology and film hubs.

Developers who were earlier focused on central Noida are now expanding across the expressway belt, including Greater Noida and Yeida.

According to Anarock, more than 52,000 residential units were launched across Noida, Greater Noida, and Yeida between 2022 and 2025.

Suresh Garg, chairman and managing director of National Capital Region (NCR)-based developer Nirala World, said Noida Expressway is also seeing a 20 per cent rise in Grade A office space, while Yeida is attracting investments in luxury hotels and high-street retail.

Greater Noida, in particular, has seen faster absorption, especially in the mid-income and upper-mid segments. "Greater Noida is likely to emerge as a strong residential and institutional hub, given its land availability and planned sectors," Jain said.

Of the total launches, Greater Noida accounted for the highest supply at 32,179 units, followed by Noida (11,312) and Yeida (8,544). Residential projects dominate, especially in the premium and upper-mid segments.

Capital shift flips buyer script

The buyer profile is shifting, with high networth individuals, non-resident Indians, companies and entrepreneurs from Tier-I and Tier-II cities entering the market, along with a smaller set of celebrity investors.

"Noida is seeing buyers upgrading from South and East Delhi. Improved expressway connectivity is also drawing buyers from across Uttar Pradesh, who see Noida as both a residential and investment destination," said Ashish Jerath, president, sales and marketing, Smartworld Developers.

Manik Malik, chief executive officer of BPTP Group, said Faridabad is also likely to benefit due to its proximity to the airport and improved connectivity via the Delhi-Mumbai Industrial Corridor and the proposed Namo Bharat corridor.

Yeida holds price edge

Despite rising prices, Yeida continues to remain more affordable than premium NCR markets such as Gurugram.

"Affordability remains a key advantage for Yamuna Expressway compared to established markets like Noida and Gurugram," Agarwal said.

Santhosh Kumar, vice-chairman at Anarock, said average prices in Gurugram are around ₹13,000 psf — about 26 per cent higher than Noida's ₹10,300 psf.

"In comparison, Greater Noida averages ₹7,500 psf, while Yeida is roughly half of Gurugram's pricing. This leaves considerable headroom for growth," he said.

Ankita Sood, national director (research) at Knight Frank India, added that Greater Noida and Yeida continue to trade at a discount to Noida due to their peripheral location, though this gap is expected to narrow as infrastructure improves.

The region is also set to benefit from its proximity to Delhi and established urban centres, she said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 28 MARCH 2026

कार्गो हब से बदलेगी व्यापार की तस्वीर

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का पहला चरण आज होगा उद्घाटित

- नरेंद्र मोदी करेंगे लोकार्पण, 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक कार्गो क्षमता
- भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक विस्तार संभव

ग्रेटर नोएडा, 27 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर भारत में व्यापार और लॉजिस्टिक्स को नई गति देने वाला नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अब औपचारिक रूप से संचालन की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मार्च को लगभग 11:30 बजे टर्मिनल भवन का निरीक्षण करेंगे और दोपहर करीब 12 बजे एयरपोर्ट के प्रथम चरण का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

करीब 11,200 करोड़ रुपए के निवेश से विकसित यह परियोजना देश के विमानन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। खास बात यह है कि एयरपोर्ट को मल्टी-मोडल कार्गो हब के रूप में विकसित किया गया है, जिससे व्यापार, ई-कॉमर्स, निर्यात और औद्योगिक गतिविधियों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

कार्गो हब बनेगा व्यापार का नया इंजन

एयरपोर्ट में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कार्गो टर्मिनल, लॉजिस्टिक्स जोन और मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी की सुविधा दी गई है।

प्रारंभिक चरण में कार्गो सुविधा की क्षमता 2.5 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष रखी गई है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर लगभग 18 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष तक किया जा सकेगा।

कार्गो प्रणाली को इस तरह डिजाइन किया गया है कि तेज, किफायती और समयबद्ध माल ढुलाई सुनिश्चित हो सके। इससे उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों के निर्यातकों को बड़ी राहत मिलेगी। एयरपोर्ट परिसर में 40 एकड़ क्षेत्र में एमआरओ (मेंटीनेंस, रिपेयर एंड ओवरहाल) सुविधा भी विकसित की जा रही है, जिससे विमानों की मरम्मत और रखरखाव से जुड़े उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

एनसीआर को मिलेगा दूसरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

यह एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर के लिए दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में कार्य करेगा और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर बढ़ते दबाव को कम करेगा। दोनों एयरपोर्ट मिलकर क्षेत्र को एक मजबूत वैश्विक एविएशन हब के रूप में स्थापित करने में मदद करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि कार्गो हब की मजबूत क्षमता के कारण यह एयरपोर्ट आने वाले वर्षों में उत्तर भारत के प्रमुख लॉजिस्टिक्स और निर्यात केंद्र के रूप में उभर सकता है।

मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी से आसान होगा परिवहन

यमुना एक्सप्रेस वे पर रणनीतिक रूप से स्थित यह एयरपोर्ट सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। इसे एक मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित किया गया है, जिससे यात्रियों के साथ-साथ कार्गो परिवहन भी तेज और सुविधाजनक होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के उद्योगों को सीधा लाभ मिलने की संभावना है।

12 मिलियन यात्रियों से 70 मिलियन तक क्षमता

एयरपोर्ट के पहले चरण में 12 मिलियन यात्रियों प्रति वर्ष की क्षमता निर्धारित की गई है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 70 मिलियन यात्रियों प्रति वर्ष तक किया जाएगा।

एयरपोर्ट में 3,900 मीटर लंबा रनवे, अत्याधुनिक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम और उन्नत एयरफील्ड लाइटिंग जैसी सुविधाएं दी गई हैं, जिससे हर मौसम में सुरक्षित संचालन संभव होगा।

ग्रीनफील्ड व पर्यावरण अनुकूल परियोजना

यह एयरपोर्ट देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं में से एक है। इसे ऊर्जा-कुशल प्रणालियों और पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों के साथ विकसित किया गया है, ताकि भविष्य में कम उत्सर्जन वाली आधुनिक अवसंरचना तैयार की जा सके। एयरपोर्ट की डिजाइन भारतीय स्थापत्य शैली से प्रेरित है, जिसमें पारंपरिक घाट और हवेलियों की झलक दिखाई देती है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 28 MARCH 2026

पीएम के कार्यक्रम में होना है शामिल, जाने रूट व पार्किंग स्थल

नोएडा, 27 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन आज पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। सुबह करीब 11 बजे प्रधानमंत्री एयरपोर्ट पहुंचेंगे। आधे घंटे तक एयरपोर्ट का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जनसभा स्थल जाएंगे। यहां 15 12 बजे के आसपास बटन दबाकर एयरपोर्ट का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद जनता को संबोधित करेंगे। जनसभा में 2 लाख लोग पहुंचने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के लिए बनाए गए हैलीपैड

जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए हैलीपैड बनाए गए है। जनसभा में कुल 5 हैलीपैड बनाए गए है। प्रधानमंत्री के लिए तीन हैलीपैड है। मुख्यमंत्री और अन्य वीवीआईपी के लिए लिए 1-1 हैलीपैड बनाए गए है।

कैसे पहुंचेंगे कार्यक्रम स्थल तक इसको देखे

कार्यक्रम में मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़, बुलंदशहर, हापुड़ के अलावा आसपास के इलाकों के हजारों लोग शामिल होंगे। सभी के कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के रूट तय किए गए है।

मेरठ और गाजियाबाद से आने वाले लोग

ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से सिरसा टोल होकर दाढ़ा गोलचक्कर, सुपरटेक गोलचक्कर, नट मड़ैया, होंडा सीएल चौक और पुस्ता तिराहा होते हुए गलगोटिया विश्वविद्यालय के सामने से डबल सर्विस रोड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे। मेरठ से आने वाले वाहन पार्किंग पी-7 और गाजियाबाद के वाहन पी-6 में पार्क होंगे।

मथुरा और अलीगढ़ से आने वाले वाहन

मथुरा और अलीगढ़ की ओर से आने वाले वाहन यमुना एक्सप्रेस-वे से जेवर टोल पार कर जेवर कट से उतरकर सबौता अंडरपास से किशोरपुर गेट के जरिए एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करेंगे। मथुरा के लिए पी-05 और अलीगढ़ के लिए पी-9 व पी-11 तय की गई है।

हापुड़ और बुलंदशहर के लिए मार्ग

हापुड़ और बुलंदशहर से आने वाले वाहन जेवर-खुर्जा मार्ग से ग्राम थोरा से मुड़कर पारोही गेट से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करेंगे। हापुड़ के वाहन पी-14 और बुलंदशहर के वाहन पी-13 में पार्क किए जाएंगे।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा से आने वालों के लिए मार्ग

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहन गलगोटिया कट, एक्सपोमार्ट गोलचक्कर, एनएसजी गोलचक्कर और पुस्ता तिराहा होते हुए दयानतपुर इंटरचेंज के पास बने अस्थाई गेट से प्रवेश करेंगे। इनके वाहन पी-7 में पार्क होंगे।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट और सूरजपुर से आने वाले वाहन

ग्रेटर नोएडा वेस्ट और सूरजपुर से आने वाले वाहन परौंछा, पी-3 गोलचक्कर, होंडा सीएल चौक और पुस्ता तिराहा से होकर दयानतपुर इंटरचेंज के पास बने अस्थाई गेट से प्रवेश करेंगे। इनके वाहन पी-7 पार्किंग स्थल निर्धारित है। वहीं जेवर कस्बे से आने वाले वाहन सबौता अंडरपास से किशोरपुर गेट के जरिए एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करेंगे। इनके लिए पी-12 पार्किंग तय की गई है। दोपहिया और हल्के वाहन

- **सुबह 9 बजे तक करे प्रवेश, मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़, बुलंदशहर, हापुड़ से आएंगे लोग**
- **दोपहर 12 बजे पीएम करेंगे एयरपोर्ट का शुभारंभ**

किशोरपुर गेट से प्रवेश कर पी-04 पार्किंग में अपने वाहन खड़े कर सकेंगे।

वीवीआईपी और वीआईपी के लिए अलग व्यवस्था

अति विशिष्ट और विशिष्ट अतिथि यमुना एक्सप्रेस-वे के 32 किमी माइलस्टोन पर बने इंटरचेंज से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करेंगे। इनके वाहन पी-1, पी-2 और पी-3 में पार्क होंगे, जहां से शटल बसों के जरिए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया जाएगा।

मीडिया कर्मियों के लिए रास्ता

मीडिया कर्मियों के वाहन किशोरपुर गेट से प्रवेश करेंगे और अपने वाहन पी-8 पार्किंग में खड़े करेंगे। पुलिस, प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी किशोरपुर गेट से प्रवेश कर पी-10 पार्किंग में वाहन खड़े करेंगे। वहीं प्रशासनिक बसें दयानतपुर मार्ग से होकर पी-15 पार्किंग तक पहुंचेंगी।

बाहरी जिलों के मालवाहक वाहनों के लिए डायवर्जन

कार्यक्रम के दौरान कई मार्गों पर मालवाहक वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। गोपालगढ़ से जेवर जाने वाले वाहन टप्पल की ओर भेजे जाएंगे। खुर्जा से जेवर आने वाले कामर्शियल वाहन खुर्जा से ही डायवर्ट होंगे। सिकंदराबाद और काकोड से आने वाले वाहन चचुरा नहर पुल से खैलरी की ओर भेजे जाएंगे। आगरा से आने वाले वाहन जेवर टोल से पहले यू-टर्न लेकर अलीगढ़-टप्पल मार्ग से जाएंगे।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट : 25 वर्षों का सपना साकार

जेवर अब एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों की कतार में

■ देवेंद्र सिंह

ग्रेटर नोएडा, 27 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में एक नया अध्याय आज जुड़ने जा रहा है। जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों शनिवार को उद्घाटन के लिए पूरी तरह तैयार है। एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद यह ग्रीनफील्ड परियोजना अब व्यवसायिक उड़ानों के लिए तैयार है। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बढ़ते बोझ को कम करने और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को नई उड़ान देने वाले इस मेगा प्रोजेक्ट की विकास यात्रा 25 वर्ष पुरानी है, एक विचार से लेकर विश्वस्तरीय हब तक की अनुपम कहानी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट : अब इंतजार नहीं, उड़ान का समय आ गया है!

सपने की शुरुआत : 2001 से 2021 तक की लंबी प्रतीक्षा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की अवधारणा सबसे पहले वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह द्वारा रखी गई थी। उन्होंने जेवर को ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एविएशन हब बनाने का प्रस्ताव दिया। दो वर्ष बाद, 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने इसकी तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। 2007 में पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में बसपा की सरकार बनाने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। प्रदेश और केंद्र सरकार में आपसी तालमेल की कमी के कारण एयरपोर्ट परियोजना फाइलों में दब कर रह गई। 2012 में प्रदेश में जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनी, सपा सरकार ने यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मास्टर प्लान से जेवर एयरपोर्ट के लिए चिन्हित जमीन को ग्रीन बेल्ट में तब्दील कर दिया, जेवर के बजाय आगरा के आसपास एयरपोर्ट को स्थानांतरित करने का फैसला लिया।

हालांकि, परियोजना लंबे समय तक फाइलों में दबी रही। वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार के सत्ता में आने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन के साथ इसे नई गति मिली। गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा केंद्र में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री पर बनने पर जेवर में एयरपोर्ट परियोजना को आगे बढ़ाया। उत्तर प्रदेश में 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद पश्चिमी यूपी के विकास को प्राथमिकता दी गई। किसानों के सहयोग और राज्य सरकार की दुरदर्शिता से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हुई। मील का पत्थर 26 नवम्बर 2021 का दिन था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद जेवर पहुंचकर एयरपोर्ट की नींव रखी। उस समय यह मात्र एक सपना था, लेकिन आज वह हकीकत बन चुका है।

निर्माण की रफ्तार : जून 2022 से मार्च 2026 तक

निर्माण कार्य जून 2022 में शुरू हुआ। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) द्वारा विकसित यह परियोजना स्विस दक्षता और भारतीय आतिथ्य की अनोखी मिसाल है। पहले चरण का काम 1334 हेक्टेयर क्षेत्र में किया गया। पहले चरण में कुल परियोजना लागत लगभग 6876 करोड़ रुपए बताई जा रही है, जिसमें पहले चरण में भूमि अधिग्रहण और निर्माण पर प्रमुख निवेश हुआ। करीब साढ़े चार वर्ष में ही पहले चरण का 95 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो गया। रनवे की लंबाई 3900-4150 मीटर है, जो वाइड-बॉडी विमानों के लिए उपयुक्त है। टर्मिनल-1, एटीसी टावर, कार्गो सुविधाएं और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है। कोहरे में भी सुरक्षित लैंडिंग की सुविधा, नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य और डिजिटल सेवाओं से लैस यह एयरपोर्ट स्विट्जरलैंड जैसा फील देगा। मार्च 2026 की शुरुआत में डीजीसीए से एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद उद्घाटन की तारीख तय हुई। शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी टर्मिनल भवन का दौरा करेंगे, उद्घाटन करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। शुरुआती उड़ानें मई 2026 के आसपास शुरू होने की उम्मीद है।

चार चरणों में विकास : 1.2 करोड़ से 7 करोड़ यात्री क्षमता

एयरपोर्ट चार चरणों में विकसित होगा, जिसकी कुल क्षमता सात करोड़ यात्री प्रतिवर्ष होगी और छह रनवे तक विस्तार होगा-

चरण-1 (2026) : 1.2 करोड़ यात्री/वर्ष, एक रनवे, 150 उड़ानें प्रतिदिन, लागत-6876 करोड़

चरण-2 : तीन करोड़ यात्री, दूसरा रनवे और टर्मिनल, लागत-5983 करोड़

चरण- 3 : 5 करोड़ यात्री, चार रनवे, लागत-8415 करोड़।

चरण- 4 (2040-50 तक): सात करोड़ यात्री, छह रनवे, लागत-10575 करोड़, पूर्ण लॉजिस्टिक्स हब।

इसके अलावा भूमि अधिग्रहण पर 4406 करोड़ खर्च, चारों चरण की कुल लागत 36255 करोड़ रुपए प्रस्तावित है।

पूर्ण रूप से तैयार होने पर यह एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा, इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से 2.5 गुना बड़ा।

स्थानीय जीवन पर असर : रोजगार और विकास की नई लहर

जेवर के गांवों में पहले शांति थी, अब अंतरराष्ट्रीय पहचान बन रही है। भूमि अधिग्रहण पर अच्छा मुआवजा मिलने से किसान संतुष्ट हैं। एयरपोर्ट ने सड़क चौड़ीकरण, नई फैक्ट्रियां, होटल और रियल एस्टेट को बढ़ावा दिया। स्थानीय युवा दीपक कुमार, शिवम कुमार जैसे निवासियों का कहना है, पहले बेरोजगारी थी, अब रोजगार के नए अवसर आए हैं। योगी जी की नीतियों ने क्षेत्र को नई उड़ान दी है।

कार्गो हब बनने से व्यापार-पर्यटन को बल मिलेगा। दिल्ली-एनसीआर के यात्री भी राहत पाएंगे।

भविष्य की उड़ान

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट न केवल यूपी बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। इंडिगो, अकासा एयर, एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी एयरलाइंस पहले से ही तैयार हैं। वाराणसी, लखनऊ, मुंबई, बेंगलुरु समेत कई शहरों के लिए उड़ानें शुरू होंगी।

यह परियोजना 'न्यू इंडिया' के इंफ्रास्ट्रक्चर विजन का प्रतीक है, जहां हर सपना उड़ान बनता है। 28 मार्च 2026 का दिन इतिहास में दर्ज होगा, जब जेवर की धरती पर नई उड़ान का शंखनाद होगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट : प्रमुख तिथियां (टाइमलाइन)

ग्रेटर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) परियोजना से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं वर्ष 2017 से लगातार आगे बढ़ती रही हैं। विभिन्न सरकारी स्वीकृतियों, समझौतों और निर्माण चरणों के बाद अब एयरपोर्ट को एयरोड्रोम लाइसेंस भी प्राप्त हो चुका है। प्रमुख तिथियां इस प्रकार हैं :-

वर्ष	माह	उपलब्धि
2017	जुलाई	नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा साइट क्लीयरेंस
2017	अक्टूबर	गृह मंत्रालय से एनओसी प्राप्त
2018	जून	पीडब्ल्यूसी द्वारा टेक्नो-इकोनॉमिक व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार
2018	अगस्त	एनआईएएल का गठन
2019	मई	कंसेशनायर के चयन हेतु आरएफपी जारी
2019	नवम्बर	तकनीकी व वित्तीय बोली खोली गई
2020	मार्च	एयरपोर्ट स्थल के लिए पर्यावरण स्वीकृति
2020	मई	ज्यूरिख इंटरनेशनल एजी को एलओए प्रदान
2020	अक्टूबर	कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर
2021	मार्च	स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट
2021	जून	कंसेशनायर और आईएमडी के बीच समझौता
2021	जुलाई	शेयरहोल्डर्स एग्रीमेंट
2021	अगस्त	वित्तीय क्लोजर
2021	अगस्त	एस्क्रो एग्रीमेंट व सब्स्टीट्यूशन एग्रीमेंट
2021	अगस्त	एनआईएएल द्वारा मास्टर प्लान को मंजूरी
2021	अक्टूबर	अपॉइंटेड डेट घोषित
2021	नवम्बर	कंसेशनायर और भारत सरकार के बीच एमओयू
2022	फरवरी	सीएनएस-एटीएम समझौते का निष्पादन
2022	मार्च	कंसेशनायर व बीसीएएस के बीच समझौता
2022	मार्च	निर्माण कार्य शुरू, माइलस्टोन-1 पूरा
2022	जून	टाटा प्रोजेक्ट्स को ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त
2022	जुलाई	इंजीनियरिंग इंडिया लि. के साथ आईई एग्रीमेंट
2022	दिसम्बर	माइलस्टोन-2 पूरा
2023	जून	माइलस्टोन-3 पूरा
2024	फरवरी	माइलस्टोन-4 पूरा
2024	अक्टूबर	माइलस्टोन-5 पूरा
2025	अक्टूबर	कैलिब्रेशन फ्लाइट
2026	मार्च	एनआईए को एयरोड्रम लाइसेंस प्राप्त

जेवर एयरपोर्ट बनेगा यूपी की आर्थिक रीढ़, प्रति टिकट 401 रुपए राजस्व

■ संचालन शुरू होने के 6वें साल से मिलना शुरू होगा राजस्व

■ नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यीडा को भी भारी फायदा, प्राधिकरणों की आय का नया स्रोत

ग्रेटर नोएडा, 27 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के साथ ही उत्तर प्रदेश को नया राजस्व स्रोत मिलने वाला है। स्विस कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी द्वारा संचालित इस ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट पर हर यात्री (घरेलू व अंतरराष्ट्रीय) से 400.97 रुपए की फीस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) के खाते में जमा होगी। यह राशि यूपी सरकार, नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के बीच उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में बांटी जाएगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड में हिस्सेदारी इस प्रकार है- उत्तर प्रदेश सरकार और नोएडा प्राधिकरण को 37.5-37.5 प्रतिशत, जबकि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यीडा को 12.5-12.5 प्रतिशत। यानी यूपी सरकार को कुल राजस्व का 37.5 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा।

कब से और कितना राजस्व?

वाणिज्यिक उड़ानें शुरू होने के छठे वर्ष से ही यह राजस्व साझेदारी शुरू होगी। यानी 2026 में उड़ानें शुरू होने पर 2032 से यूपी सरकार को नियमित राजस्व मिलना शुरू हो जाएगा। शुरूआती चरण में 50-60 लाख यात्रियों के आधार पर कुल राजस्व लगभग 200-240 करोड़ रुपए सालाना होगा, जिसमें से यूपी सरकार को करीब 75-90 करोड़ रुपए मिल सकते हैं। चरण-1 की पूर्ण क्षमता (1.2 करोड़ यात्री) पर यह आंकड़ा और बढ़ जाएगा। 2040 तक 7 करोड़ यात्रियों की संभावना के साथ यह राजस्व कई गुना बढ़ सकता है।

प्रदेश के बजट में कितना प्रतिशत?

2026-27 के यूपी बजट का आकार 9.13 लाख करोड़ रुपए है। शुरूआती राजस्व (75-90 करोड़) बजट का महज 0.01 प्रतिशत के आसपास होगा, लेकिन पूर्ण क्षमता पर यह आंकड़ा अर्थपूर्ण हो जाएगा और प्राधिकरणों की आय का मजबूत आधार बनेगा।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा को कितना मिलेगा?

नोएडा प्राधिकरण : 37.5 फीसदी (शुरुआती अनुमान में 75-90 करोड़)

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण : 12.5 फीसदी (25-30 करोड़)

यीडा 12.5 फीसदी (25-30 करोड़)

तीनों प्राधिकरणों ने अब तक एयरपोर्ट के लिए 4,406 करोड़ रुपए से ज्यादा की भूमि अधिग्रहण पर खर्च किए हैं। प्लॉट बिक्री से आय सीमित होने के बाद यह राजस्व इनकी आर्थिक रीढ़ बनेगा। यीडा क्षेत्र में औद्योगिक और शहरी विकास को गति मिलेगी। यह मॉडल देश का पहला ऐसा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट है जहां प्रति यात्री तय राजस्व सीधे सरकार और प्राधिकरणों को मिलेगा। पहले के प्रोजेक्ट्स में सिर्फ लाभांश पर निर्भरता थी। अब कर्नाटक, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे राज्य भी इस मॉडल को अपनाने पर विचार कर रहे हैं।

एयरपोर्ट चरण-1 में 1.2 करोड़ यात्री क्षमता के साथ शुरू होगा और पूर्ण रूप से 15 करोड़ यात्री सालाना संभालेगा। यह न सिर्फ यूपी बल्कि पूरे छब्त् की कनेक्टिविटी और अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देगा।

नोएडा एयरपोर्ट : स्विस एयरपोर्ट की तर्ज पर सुविधाएं

ग्रेटर नोएडा, 27 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का पहला एयरपोर्ट है, जो पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, सौ फीसदी विदेशी निवेश पर विकसित होने वाला एयरपोर्ट है, जहां पर यात्रियों को हवाई सफर करने पर स्विस एयरपोर्ट का एहसास कराएगा। ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की सहायक कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आर्थिक विकास, औद्योगिक निवेश और वैश्विक कनेक्टिविटी को नई गति देने वाली मानी जा रही है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में क्या है खास!

एयरपोर्ट का रनवे 3900 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा है, जो बड़े विमानों के संचालन के अनुकूल है। यह आईसीएओ कोड 4 ई मानक के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, जिसमें भविष्य में बड़े विमानों (कोड एफ) को भी संचालित किया जा सकेगा।

एयरसाइड इंफ्रास्ट्रक्चर : आधुनिक विमानन सुविधाएं

- 3900 मीटर लंबा रनवे (10/28 कॉन्फिगरेशन)
- समानांतर टैक्सीवे और रैपिड एग्जिट टैक्सीवे
- 25 पार्किंग एप्रन (फेज-1 में 9 सक्रिय)
- 3 राइट एंगल टैक्सीवे
- 2 कार्गो एप्रन (कोड डी और एफ)

टर्मिनल भवन में हाईटेक सुविधाएं

एयरपोर्ट का पैसेंजर टर्मिनल लगभग 1.38 लाख वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है।

मुख्य सुविधाएं

- 2 एंट्रेंस लॉबी
- 48 चेक-इन काउंटर (आधे सेल्फ बैग ड्रॉप)
- 11 सिक्योरिटी लेन
- 8 इमिग्रेशन काउंटर (डिपार्चर)
- 10 इमिग्रेशन काउंटर (अराइवल)
- 10 कॉन्टैक्ट गेट
- 4 बैगेज बेल्ट

मल्टी मॉडल कार्गो हब : 1.8 मिलियन टन कार्गो क्षमता

एयरपोर्ट परिसर में 87 एकड़ भूमि पर मल्टी-मॉडल कार्गो हब विकसित किया जा रहा है।

इंटीग्रेटेड कार्गो टर्मिनल

- 30 एकड़ क्षेत्र
- 800 करोड़ निवेश (पहला चरण)
- कुल निवेश 3200 करोड़
- प्रारंभिक क्षमता 2.55 लाख मीट्रिक टन
- अंतिम क्षमता 1.8 मिलियन मीट्रिक टन

वेयरहाउस एवं लॉजिस्टिक्स जोन

- 57 एकड़ क्षेत्र
- 700 करोड़ निवेश
- 3.5 लाख वर्गफुट वेयरहाउस स्पेस (पहला चरण)

इन-फ्लाइट किचन और एमआरओ सुविधा से बढ़ेंगे रोजगार

एयरपोर्ट पर इन-फ्लाइट किचन का संचालन ताज सैट्स एयर केटरिंग लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

- 45,000 वर्गफुट क्षेत्र
- 66 करोड़ निवेश
- 25,000 भोजन प्रतिदिन क्षमता

एमआरओ (विमानों का रखरखाव और मरम्मत)

एयरपोर्ट में 40 एकड़ क्षेत्र में विमान मरम्मत सुविधा विकसित की जा रही है।

साझेदारी अकासा एयर

- निवेश : 60 करोड़
- कोड सी श्रेणी के विमानों की मरम्मत

फ्यूल फार्म और ग्रीन एनर्जी पर विशेष फोकस

फ्यूल स्टोरेज और हाइड्रेंट सिस्टम इंडियन ऑयल स्काईटैंकिंग द्वारा विकसित किया गया है।

- 10,665 किलोलीटर ईंधन क्षमता
- 10 एकड़ क्षेत्र
- 300 करोड़ निवेश

ग्रीन एयरपोर्ट विशेषताएं

- 82.94 एकड़ सोलर प्लांट
- 51,966 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता
- 100 फीसदी इलेक्ट्रिक एयरसाइड वाहन

वर्षा जल संचयन प्रणाली

- 3 एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट
- आईजीबीसी ग्रीन कैंपस सर्टिफिकेशन

एयरपोर्ट से क्षेत्र में बढ़ा औद्योगिक निवेश

जेवर एयरपोर्ट के कारण आसपास के क्षेत्र में औद्योगिक विकास तेजी से बढ़ रहा है।

मुख्य परियोजनाएं

- डेटा सेंटर पार्क
- एमएसएमई पार्क
- टॉय पार्क
- अपैरल पार्क
- ओडीओपी हस्तशिल्प पार्क

सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त निवेश करीब 3700 करोड़ है।

निवेश

- 350 एकड़ मेडिकल डिवाइस पार्क
- 1500 करोड़ की फिल्म सिटी

कुल औद्योगिक निवेश लगभग 30,000 करोड़

पुनर्वास योजना के तहत 3074 परिवारों को बसाया गया

एयरपोर्ट परियोजना से प्रभावित परिवारों के लिए 50 हेक्टेयर क्षेत्र में पुनर्वास कॉलोनी विकसित की गई है। यहां करीब 3074 परिवारों को बसाया गया है, जहां सड़क, बिजली, पानी और सीवरेज जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

सड़क, रेल और बस से बेहतर कनेक्टिविटी

एयरपोर्ट को प्रमुख एक्सप्रेस वे और रेल नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है-

- यमुना एक्सप्रेस वे से सीधा कनेक्शन
- दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे लिंक
- ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे
- प्रस्तावित आरआरटीएस कनेक्टिविटी

दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेल लाइन से जुड़ाव

बस सेवाएं- दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड के प्रमुख शहरों से सीधी बस सेवा, परी चौक से हर 30 मिनट में बस सेवा प्रस्तावित, रेडबस के माध्यम से लक्जरी बस सुविधा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 28 MARCH 2026

एयरपोर्ट को साकार करने में जनप्रतिनिधि के साथ अधिकारियों की रही अहम भूमिका

■ विशाल धर दुबे

ग्रेटर नोएडा, 27 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशन एयरपोर्ट का उद्घाटन 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं, इतने बड़े एयरपोर्ट की आधारशिला रखने में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को याद न किया जाय तो वह बेइमानी होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की परिकल्पना को तत्कालीन केन्द्र व प्रदेश सरकार की सहमति बनने से परियोजना को मूर्तरुप देने में सफलता मिली है। 2014 में केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद जेवर में एयरपोर्ट की आधारशिला करने की कवायद शुरु गई थी, इस एयरपोर्ट को स्थानान्तरित करके राजस्थान में ले जाया जा रहा था, लेकिन तत्कालीन सांसद व नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनप्रतिनिधियों ने ने जेवर में एयरपोर्ट बनाने को लेकर एडी चोटी की जोर लगा दी थी कि एयरपोर्ट का निर्माण जेवर में ही होगा।

एयरपोर्ट निर्माण की अड़चनों को सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कराया दूर

डॉ. महेश शर्मा केंद्र में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री रहते हुए जेवर एयरपोर्ट को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया और मंत्रालय स्तर पर इसकी फाइलों को तेजी से आगे बढ़ाया। मंत्रालय द्वारा तकनीकी सर्वे और अन्य औपचारिकताओं के बाद परियोजना को हरी झंडी दी गई, जिससे यह वर्षों से लंबित योजना फिर से पटरी पर आई। जेवर एयरपोर्ट परियोजना लंबे समय तक दूरी नियम (दिल्ली एयरपोर्ट से 150 किमी की शर्त), पर्यावरण मंजूरी और भूमि अधिग्रहण जैसी बाधाओं के कारण अटकी रही। डॉ. महेश शर्मा ने केंद्र, राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर इन अड़चनों को दूर करने में भूमिका निभाई, जिसके बाद परियोजना पर ठोस काम शुरू हो सका।

किसानों के असमंजस्य को विधायक धीरेन्द्र सिंह ने किया दूर, रखी क्षेत्र के विकास की रुपरेखा

एयरपोर्ट निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान कई गांवों में असमंजस और विरोध की स्थिति बनी थी। ऐसे समय में विधायक धीरेन्द्र सिंह ने गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद किया, उनकी शंकाओं को सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि एयरपोर्ट बनने से क्षेत्र में रोजगार, उद्योग और आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विकास होगा। उनके इस प्रयास से कई स्थानों पर विवाद कम हुए और परियोजना के प्रति सकारात्मक माहौल बना। विधायक के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में भी जेवर एयरपोर्ट परियोजना को प्राथमिकता से उठाया और राज्य सरकार से इसके लिए आवश्यक बजट, सड़क कनेक्टिविटी और सुरक्षा व्यवस्थाओं को शीघ्र पूरा करने की मांग की। प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। धीरेन्द्र सिंह ने जेवर एयरपोर्ट को केवल एक सरकारी परियोजना न मानकर क्षेत्रीय विकास के आंदोलन के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने विभिन्न जनसभाओं, पंचायत बैठकों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में यह संदेश दिया कि एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ेगा।

तत्कालीन जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने जेवर के लिए एयरपोर्ट की आवश्यता को बताया जरुरी

जेवर एयरपोर्ट जैसी विशाल परियोजना में भूमि अधिग्रहण सबसे चुनौतीपूर्ण चरण माना जाता है। ऐसे में तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा अपनाई गई संवाद-प्रधान रणनीति ने न केवल संभावित टकराव को टाला, बल्कि परियोजना को समय पर आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज जब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं में गिना जा रहा है, तो उसके पीछे प्रशासनिक स्तर पर किए गए ऐसे प्रयासों को भी याद किया जा रहा है। उन्होंने किसानों के बीच जाकर व्यक्तिगत संवाद स्थापित किया और उन्हें एयरपोर्ट परियोजना की आवश्यकता तथा उससे होने वाले स्थानीय विकास के लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। उस समय जेवर क्षेत्र के किसानों में भूमि अधिग्रहण को लेकर असमंजस और विरोध की स्थिति थी। उनके इस संवादात्मक और संवेदनशील दृष्टिकोण के कारण बड़ी संख्या में किसानों ने स्वेच्छा से भूमि देने पर सहमति जताई, जिससे अधिग्रहण की प्रक्रिया अपेक्षाकृत सुचारु रूप से पूरी हो सकी। बाद में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने भी बृजेश नारायण सिंह के कार्य की खुले मंच से सराहना की थी। मुख्यमंत्री ने कहा था कि प्रशासनिक स्तर पर जिस तरीके से किसानों से संवाद स्थापित कर सहमति बनाई गई।

आधारभूत स्तंभ के रुप में डॉ. अरुणवीर सिंह का योगदान

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना के प्रशासनिक संचालन, भूमि प्रबंधन, निवेश आकर्षण और समग्र क्षेत्रीय योजना के क्रियान्वयन में तत्कालीन सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह का योगदान आधारभूत स्तंभ की तरह रहा। उनके नेतृत्व में यमुना प्राधिकरण ने इस परियोजना को केवल एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि एक व्यापक आर्थिक विकास क्षेत्र के रूप में आकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। एयरपोर्ट के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने, सेक्टर योजना बनाने और आसपास के क्षेत्रों के मास्टर प्लान को अंतिम रूप देने में डॉ. अरुणवीर सिंह की निर्णायक भूमिका रही। उनके नेतृत्व में प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के साथ-साथ एयरोसिटी, लॉजिस्टिक हब और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए विस्तृत योजना तैयार की, जिससे परियोजना केवल एयरपोर्ट तक सीमित न रहकर एक समग्र आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित हो सके। डॉ. अरुणवीर सिंह ने देश-विदेश के निवेशकों के साथ बैठकें कर जेवर एयरपोर्ट के आसपास औद्योगिक निवेश आकर्षित करने की रणनीति तैयार की। उनकी पहल पर कई निवेशक सम्मेलन आयोजित हुए, जिनमें एयरपोर्ट-आधारित विकास मॉडल को बढ़ावा दिया गया। डॉ. अरुणवीर सिंह ने एक मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट और इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित करने की दीर्घकालिक रणनीति पर काम किया।

एयरपोर्ट के सूत्रधार के रुप में एसीईओ शैलेन्द्र भाटिया ने किया काम

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण और उससे जुड़े प्रशासनिक समन्वय में यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेन्द्र भाटिया ने महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाई। उन्होंने प्राधिकरण, राज्य सरकार, निर्माण एजेंसियों और स्थानीय स्तर के अधिकारियों के बीच लगातार संवाद बनाए रखते हुए परियोजना को गति देने में योगदान दिया। एयरपोर्ट जैसी बहुस्तरीय परियोजना में विभिन्न विभागों-भूमि, निर्माण, आधारभूत ढांचा और निवेशके बीच तालमेल बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होती है। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए शैलेन्द्र भाटिया ने नियमित बैठकों और फील्ड विजिट के माध्यम से समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया। इससे परियोजना से जुड़ी कई प्रशासनिक बाधाएं समय रहते दूर हो सकीं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 28 MARCH 2026

24 साल का इंतजार हुआ समाप्त, प्रधानमंत्री आज करेंगे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण

नोएडा एयरपोर्ट की यात्री टर्मिनल बिल्डिंग • जागरण

- सुबह 11:30 बजे लोकार्पण, फिर जनसभा करेंगे पीएम मोदी
- एसपीजी, पीएसी, आरएएफ, एटीएस के अलावा पांच हजार पुलिसकर्मी भी रहेंगे तैनात

जागरण संवाददाता जेवर: 24 साल का इंतजार समाप्त हो गया है। शनिवार को जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण होने के साथ ही वर्षों पहले देखा गया सपना फलीभूत हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह 11:30 बजे लोकार्पण करेंगे। इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें करीब दो लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है। एसपीजी ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है। सीआइएसएफ, पीएसी, आरएएफ और एटीएस के जवान भी तैनात हैं। सुरक्षा में पांच हजार पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे। सीसीटीवी से निगरानी के लिए बने कंट्रोल रूम व पुलिस हेल्प डेस्क ने काम शुरू कर दिया है। पूरे क्षेत्र को रेड जोन घोषित कर एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। 20 हजार वाहनों के लिए 15 पार्किंग बनाई गई है। शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ ही माक ड्रिल भी की गई।

मल्टी माडल कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण व एमआरओ का शिलान्यास भी करेंगे पीएम: प्रधानमंत्री मोदी मल्टी माडल कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण और मेंटेनेंस रिपेयर ओवरहालिंग (एमआरओ) का शिलान्यास भी करेंगे। एमआरओ से विमानों की मरम्मत व ओवर हालिंग की सुविधा मिलेगी। संवाद >> जागरण सिटी

उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लोगों के लिए 28 मार्च का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन किया जाएगा। इससे व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आइजीआइ एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को भी कम करने में मदद मिलेगी। नोएडा एयरपोर्ट हमारे देश की प्रमुख ग्रीनफील्ड परियोजनाओं में से एक है। यहां मजबूत कार्गो प्रणाली भी विकसित की जा रही है, जिससे लाजिस्टिक्स सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा।

– **नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से आज विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के प्रथम चरण का भव्य उद्घाटन होगा। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश का जेवर, भारत का भी 'जेवर' बनकर उभरा है। 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन।

– **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उत्तर प्रदेश

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ECONOMIC TIMES DELHI 28 MARCH 2026

Building a transit hub faces challenges deeper than the infra build-up Noida airport represents

Arrival at Departure Lounge

Dipankar Bhattacharyya

Today's inauguration of the first phase of Noida International Airport is being seen as a vital piece in India's effort to build its own transit hub. Indians are driving global aviation growth. But a large part of business is conducted overseas. Dubai and Singapore have served as India's gateways for a considerable amount of time, and bringing a transit hub onshore faces challenges deeper than the infrastructure build-up the Noida airport represents.

A transit hub runs on interlocking ecosystems of airports, airlines, aircraft maintenance and leasing, cargo handling, and retail. All of these have to come together at scale to create an aviation hub. India is essentially a traffic-originating market that is in the process of setting up capacities across each of these silos. And it's relying heavily on the private sector to step up.

Singapore, Doha and Dubai have achieved their market dominance through heavy state intervention in aviation. Governments there built strong airlines and large airports with public funds, which helped them to anchor international traffic to these destinations. It allowed for the consequential growth in logistics and aircraft maintenance capabilities. The countries strategically kept taxes on jet fuel low, and built domestic aircraft leasing capability. They negotiated hard for open skies, and developed tourism around transit.

Boarding has started

India, by contrast, is relying on the market to reach the same ends. Its airports are being built by private firms, some of them foreign — like Zurich International Airport, which will operate Noida International Airport as a subsidiary, Yamuna International Airport Private Limited (YIAPL). The country's principal airlines are privately owned, with strong overseas shareholding extending to strategic interest of Singapore Airlines in Tata-owned Air India. This creates a patchwork of ownership that will have to traverse a different path to airline-airport convergence.

IndiGo and Air India have placed large aircraft orders with Boeing and Airbus, and should be able to relocate maintenance facilities away from Dubai and Singapore. Onshore aircraft leasing, which is picking up in Gujarat's GIFT City, has a symbiotic relationship with MRO (maintenance, repair, operations/overhaul). But the bigger hurdle is the historical experience with repossessing aircraft from India's legion of failed airlines. The legal framework has been tweaked, but market perceptions will take time to alter.

Aviation turbine fuel (ATF) for international flights is exempt from central VAT, in line with global tax practice. But the elephant in the room is the diversity in state VAT on jet fuel for domestic flights. This has two market-distorting effects: one, it keeps domestic aviation uncompetitive. Two, states can leverage tax on jet fuel to get ahead in the airports game.

Noida airport benefits from UP government's decision to tax ATF at 1%. Aircraft refuelling at Delhi's Indira Gandhi International Airport pay an eye-watering 25%. IGI Airport handles the biggest chunk of cargo traffic from the country, which will, by design, shift to the Noida airport less than 100 km away because existing capacity is under strain. Tax differential hastens the transition, and can be avoided if the Centre prevails on Delhi government to match UP's tax on jet fuel.

India's journey towards becoming a transit hub involves an unusually large number of stakeholders. Even the location of the first hub is up in the air — bets are split between Delhi and Bengaluru. These cities now have airports at distances that permit development of logistics and aeronautical services.

The US has four primary cargo hubs and three for passengers, each anchored by an airline. The numbers are similar for China, the world's second-biggest aviation market. India at third place will be replicating this model more than the city-state transit hubs that draw India's international traffic. This accounts for divergence in outcomes and, hence, methods. Some elements of the Dubai or Singapore models — such as retail — can be de-emphasised as India builds its own hubs.

Singapore (pic), Doha and Dubai have achieved their market dominance through heavy state intervention. India, by contrast, is relying on the market to reach the same ends

How the various parts of Indian aviation come together will also be determined by geopolitical events. The airline industry is particularly prone to shocks and business downturns. There is additional drag of low-margin domestic aviation in the hub-and-spoke configuration.

The most pressing need is to claw back market share from foreign carriers. This limits India's options to open its skies while its airlines bulk up their fleets. Slow aircraft addition, with spillover effects on factors like training pilots in the country, reinforces the pricing power of West Asian carriers that are pushing for liberalised bilateral flying rights.

Finally, it's India's originating traffic pitted against the locational advantage of East Asia's and West Asia's transit hubs. Strong interest by foreign investors in every link in India's aviation value chain indicates the location factor can be neutralised. For that to happen, a lot of moving parts would have to fuse into a sophisticated piece of machinery.

It's India's originating traffic vs locational advantage of East and West Asia's transit hubs. Strong foreign investor interest in India's aviation value chain indicates the location factor can be neutralised

dipankar.bhattacharyya@timesofindia.com

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

THE FINANCIAL EXPRESS DELHI 28 MARCH 2026

Noida Airport to be inaugurated today by Modi

THE MUCH-AWAITED Noida International Airport (NIA) is set to be inaugurated on Saturday by Prime Minister Narendra Modi, the second major airport in the national capital region.

FE BUREAU & AGENCIES

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 27 MARCH 2026

Airport prayer room video sparks debate

FPJ News Service
MUMBAI

BJP leader Kompella Madhavi Latha's video of reciting mantras at Delhi's Indira Gandhi International Airport has sparked a national debate on the inclusivity of multi-faith prayer rooms at Indian airports.

In the video, Latha is seen reciting "Durga Suktam" inside a women's prayer room while a few Muslim women are present. Her post urged Hindus to use these spaces and "purify" them.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN TIMES DELHI 28 MARCH 2026

वर्ष 2001 में पहली बार प्रयास शुरू हुआ, वर्ष 2021 में परियोजना का शिलान्यास किया गया, इस वर्ष छह मार्च को विमान सेवा के लिए लाइसेंस मिला

नोएडा एयरपोर्ट का 25 वर्ष पुराना सपना आज साकार होगा

शुभारंभ आज

■ निशांत कौशिक

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में 25 वर्ष पहले देखा गया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का सपना शनिवार को साकार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह करीब 11 बजे इसका उद्घाटन करेंगे।

नोएडा एयरपोर्ट के लिए सबसे पहले वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रयास शुरू किया। उन्होंने इंटरनेशनल एयरपोर्ट एंड और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद वर्ष 2014 से पुनः प्रयास तेज हुए। वर्ष 2015 में अखिलेश यादव ने जेवर एयरपोर्ट शुरू करने की इच्छा के प्रयासों से एयरपोर्ट निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय से क्लीयरेंस मिला। उस समय दिल्ली एयरपोर्ट से कम दूरी का हवाला देकर मामला फिर लटका दिया गया। इस बीच एयरपोर्ट को आगरा स्थानांतरित करने के प्रयास हुए। केंद्र

और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद वर्ष 2014 से पुनः प्रयास तेज हुए। वर्ष 2015 में अखिलेश यादव ने जेवर एयरपोर्ट शुरू करने की इच्छा

जारी किया।

सुरक्षा कड़ी : उद्घाटन कार्यक्रम और जनसभा में सुरक्षा के लिए सात हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर 2021 को जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने के लिए शिलान्यास किया। अब यह बनकर तैयार है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने छह मार्च 2026 को एयरपोर्ट के लिए एयरोड्रम लाइसेंस जारी किया।

सुरक्षा कड़ी : उद्घाटन कार्यक्रम और जनसभा में सुरक्षा के लिए सात हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की

पहला एमआरओ हब होगा। फिलहाल देश के विमानों में बड़ी तकनीकी और अन्य दिक्कतें आने पर मरम्मत के लिए विदेश पर निर्भर रहना पड़ता है।

एमआरओ हब की भी नींव रखेंगे: प्रधानमंत्री एयरपोर्ट परिसर में एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल) हब की भी नींव रखेंगे। नोएडा एयरपोर्ट परिसर में विमानों के रखरखाव के लिए बनने वाला यह

पहला एमआरओ हब होगा। फिलहाल देश के विमानों में बड़ी तकनीकी और अन्य दिक्कतें आने पर मरम्मत के लिए विदेश पर निर्भर रहना पड़ता है।

सरकार ने ईंधन पर एक फीसदी वैट लगाने का निर्णय लिया, जबकि दिल्ली एयरपोर्ट पर विमानों को ईंधन पर 25 फीसदी वैट देना पड़ता है।

वाले विमानों में यात्री किराया दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के मुकाबले कम हो सकता है। दिल्ली एयरपोर्ट की अपेक्षा यहां से उड़ान भरने वाले विमानों को ईंधन सस्ती दर पर उपलब्ध होगा। निर्माण से पहले हुए समझौते में यूपी

सरकार ने ईंधन पर एक फीसदी वैट लगाने का निर्णय लिया, जबकि दिल्ली एयरपोर्ट पर विमानों को ईंधन पर 25 फीसदी वैट देना पड़ता है।

प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए तीन पंडाल बने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए तीन पंडाल बनाए गए है। उनकी जनसभा में दो लाख लोगों के पहुंचने की संभावना है। नोएडा एयरपोर्ट का पहला चरण 1334 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री टर्मिनल भवन का निरीक्षण कर जनसभा को संबोधित करेंगे। समारोह में यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

वाहनों को वापस टप्पल की ओर डायवर्ट किया जाएगा। वाहन टप्पल-पलवल होकर गंतव्य तक जा सकेंगे।

एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और कार्यक्रम स्थल के आसपास के रास्तों पर सुबह सात से रात 11 बजे तक मालवाहक वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। जेवर-टप्पल मार्ग पर गोपालगढ़ की ओर से जेवर की तरफ जाने वाले व्यावसायिक

वाहनों को वापस टप्पल की ओर डायवर्ट किया जाएगा। वाहन टप्पल-पलवल होकर गंतव्य तक जा सकेंगे।

शुरुआत में लखनऊ, जयपुर समेत दस शहरों के लिए उड़ानों की उम्मीद

नोएडा एयरपोर्ट से नियमित उड़ानों का संचालन अप्रैल के अंत तक शुरू होने की संभावना है। शुरुआत में लखनऊ, जयपुर समेत दस शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होने की उम्मीद है।

घरेलू-कार्गो सेवा से आगाज होगा

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने विमान सेवा के लिए इंडिगो, अकासा और एयर इंडिया के साथ साझेदारी की है। 20 अप्रैल के बाद उड़ानें शुरू करने की तैयारी है।

दिल्ली-मुंबई, ईस्टर्न पेरिफेरल से सीधे जुड़ेगा

के नाम से दिखने लगा है। हालांकि, अभी टिकट बुकिंग शुरू नहीं हुई। इस प्रक्रिया में 45 दिन लगते हैं। इसके बाद उड़ानें शुरू हो सकेंगी।

04

एक्सप्रेसवे यमुना, गंगा, दिल्ली-मुंबई, ईस्टर्न पेरिफेरल से सीधे जुड़ेगा

ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज

मेक माई ट्रिप वेबसाइट और ऐप पर एयरपोर्ट की एंट्री नोएडा डीएक्सएन के नाम से दिखने लगा है। हालांकि, अभी टिकट बुकिंग शुरू नहीं हुई। इस प्रक्रिया में 45 दिन लगते हैं। इसके बाद उड़ानें शुरू हो सकेंगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE HINDUSTAN TIMES DELHI 28 MARCH 2026

Noida int'l airport to open today; to ease IGI's load, boost logistics

Vinod Rajput
vinod.rajput@htlive.com

NOIDA: The Noida International Airport will be among the country's most important greenfield projects, will ease congestion at Delhi's Indira Gandhi International (IGI) Airport, and will serve as a major boost to the country's logistics sector, Prime Minister Narendra Modi said on Friday, a day ahead of its inauguration.

"Tomorrow... is a day of immense importance for the people of Uttar Pradesh and NCR. Phase 1 of Noida International Airport will be inaugurated. This will boost commerce and connectivity. It will ease congestion at the IGI Airport in Delhi. The Noida airport is among the key greenfield projects in our nation. In addition to passenger services, it will have a robust cargo ecosystem thus boosting the logistics sector," the PM posted on X.

Spread over 11,742.45 acres, the airport will be home to an 87-acre multi-modal cargo hub, a 40-acre maintenance, repair, and operation hub, and will be the most energy-efficient project of its kind, officials said.

"The Noida International Airport is poised to become India's largest airport upon completion with an ultimate capacity to serve 225 million passengers per annum, serving as a key catalyst for economic growth and connectivity across NCR," said Shailendra Bhatia, additional CEO of the Yamuna Expressway Industrial Development Authority (YEIDA) and nodal officer for Noida International Airport Limited (NIAL).

The airport is planned to be developed in two stages. Capacity will be expanded from 70 million passengers to 225 million over the two stages. The first stage will have four phases, where annual passenger footfall is expected to grow from 12 million to 70 million.

A 40-year concession agreement was signed between NIAL and Yamuna International Airport Pvt Ltd (YIAPL) – a 100% subsidiary of Zurich Airport International AG – for development of Stage 1. As part of Stage 1, the airport will be constructed in four phases across 1,334 hectares and will have two runways with a final handling capacity of 70 million passengers per annum. Phase 1 will handle 12 million passengers annually.

Seating and passage areas, and the entry facade a day before the inauguration of the facility. @NARENDRAMODI/X

Multi-modal cargo hub

The airport has allocated 87 acres for development of a Multi-Modal Cargo Hub, which will house an integrated cargo terminal, warehouse, and logistics zone. Approximately 30 acres will be used for domestic, international, and express courier terminals.

"A total investment of ₹800 crore in Phase 1 has been made for the cargo hub, with expected total investment of ₹3,200 crore after the final phase. The cargo terminal is designed to handle 255,000 metric tonnes of cargo per annum, which will be scaled to handle 1.8 million metric tonnes," said RK Singh, NIAL CEO.

First airport with MRO

The airport will become the first in the country to have an in-house Maintenance, Repair, and Overhaul facility. NIAL has allocated 40 acres of land for MRO operations and recently entered into a partnership with SNV Aviation Private Ltd (Akasa Air) to develop, operationalise, and manage the facility, which will be developed over 1.54 acres with an estimated investment of ₹60 crore.

Sustainability features

NIA is designed as a net-zero concept airport, developed in collaboration with Zurich Airport Group to minimise carbon emissions and promote sustainability.

Two ponds have been created for rainwater harvesting to ensure sustainable water supply. A sewage treatment plant of 3 MLD capacity is planned to treat sewage generated from airport operations. An 82.94-acre solar farm with a power generating capacity of 51,966 megawatts has been established.

Industrial growth

YEIDA officials said the development of Noida International Airport has acted as a strong catalyst for industrial growth in the region. Dedicated parks such as Apparel Park, MSME Park, Toy Park, Data Centre Park, and ODOP Handicraft Park are being developed.

The region has also attracted high-value strategic investments, most notably the India Chip semiconductor facility, a joint venture between HCL and Foxconn, with an investment of over ₹3,700 crore aimed at strengthening India's semiconductor ecosystem under the Atmanirbhar Bharat mission. Works have also commenced at the 350-acre Medical Devices Park. Additionally, an International Film City is planned near the airport with an investment of over ₹1,500 crore. In total, industry commitments amounting to nearly ₹30,000 crore have been received.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

JANSATTA DELHI 28 MARCH 2026

आज से नई उड़ान भरेगा नोएडा, उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

नोएडा हवाई अड्डा वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा देगा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली/नोएडा, 27 मार्च।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा देगा तथा दिल्ली के आइजीआइ हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ कम करेगा। प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे के उद्घाटन से एक दिन पहले कहा कि नोएडा हवाई अड्डा देश की प्रमुख नई परियोजनाओं में से एक है। यात्री सेवाओं के अलावा इसमें एक मजबूत मालवाहक प्रणाली भी होगी जिससे लाजिस्टिक क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

मोदी शनिवार को नवनिर्मित नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे, जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रवेश द्वार के रूप में परिकल्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि 28 मार्च को उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लोगों के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण दिन है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इससे वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। यह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आइजीआइ) पर भीड़भाड़ कम करेगा। नोएडा हवाई अड्डा भारत की सबसे बड़ी नई हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है।

3900 मीटर लंबी हवाई पट्टी

हवाईअड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक-निजी भागीदारी माडल के तहत 11,200 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है। इस हवाईअड्डे की यात्री संभालने की क्षमता शुरुआत में प्रतिवर्ष 1.2 करोड़ यात्रियों की होगी। पूरी तरह विकसित होने पर इसे बढ़ाकर प्रतिवर्ष सात करोड़ यात्रियों तक बढ़ाया जा सकेगा। हवाई अड्डे की विशेषताओं में 3,900 मीटर लंबा रनवे शामिल है, जो चौड़े आकार के विमानों को संभालने में सक्षम है। आधुनिक नेविगेशन प्रणाली जैसे इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम और हर मौसम में चौबीसों घंटे संचालन के लिए उन्नत 'एअरफील्ड लाइटिंग' भी मौजूद है। हवाई अड्डे में एक मजबूत मालवाहक प्रणाली भी शामिल है। इसमें एक 'मल्टी-मोडल कार्गो हब' होगा जिसमें एकीकृत मालवाहन टर्मिनल एवं लाजिस्टिक क्षेत्र शामिल होंगे।

शुरू में 45 शहरों के लिए 65 उड़ानें

अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से अप्रैल के अंत तक व्यावसायिक उड़ानों की शुरुआत की तैयारी है। शुरुआत में देश के 45 शहरों के लिए करीब 65 व्यवसायिक उड़ाने शुरू होंगी। जिसके तहत इंडिगो 45, अकासा सात और एयर इंडिया 13 उड़ानें शुरू करेंगी। सितंबर से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए एनआइए की कुछ यूरोप, पश्चिमी और पूर्वी एशिया और अमेरिकी देशों की विमानन कंपनियों से बात की जा रही है। टर्मिनल इमारत क्षेत्र 101590 वर्गमीटर का है। हवाई अड्डे को पूरी क्षमता से संचालित किए जाने पर यहां एक घंटे में करीब तीस विमान उतर और उड़ान भर सकेंगे। उद्घाटन के बाद तकनीकी टीम इसके लिए परीक्षण और आपरेशनल जांच उड़ान शुरू करेगी।

बुलेट ट्रेन व आरआरटीएस से भी जुड़ेगा

हवाई अड्डे को यमुना एक्सप्रेस-वे के करीब बनाया गया है, जो नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे और आगरा को सीधे जोड़ता है। हवाई अड्डे को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से जोड़ा गया है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से भी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ा जा रहा है। हवाई अड्डे को खुर्जा-जेवर के बीच एनएच-91, समर्पित माल वाहक गलियारे के अलावा दिल्ली-वाराणसी के बीच प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल गलियारे का एक स्टेशन भी इसके करीब ही प्रस्तावित है। साथ ही यमुना पुस्ता पर प्रस्तावित उपरिगामी मार्ग दिल्ली के एक हिस्से को हवाई अड्डे से सीधा जोड़ेगा। जबकि हवाई अड्डे तक सीधा संपर्क मार्ग स्थापित करने के लिए गाजियाबाद से 71.1 किलोमीटर लंबा आरआरटीएस बनाया जाएगा। जिस पर 11 स्टेशन होंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 16 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।

ऐसा रहा सफर

- 2001 जेवर में हवाईअड्डे का विचार यूपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने पहली बार रखा। हालांकि, अगले कुछ वर्षों तक यह ठंडे बस्ते में ही रहा।
- 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने जेवर के पास ताज एविएशन हब का प्रस्ताव रखा। हालांकि, यह योजना भी आगे नहीं बढ़ी।
- 2012 से 2016 के बीच अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार ने जेवर और आगरा में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर चर्चा की।
- 2017 में आखिरकार यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद हवाईअड्डे के लिए सरकार ने स्थल मंजूरी हासिल की।
- 2019 में तकनीकी और आर्थिक नीलामी की प्रक्रिया हुई। हवाईअड्डे निर्माण के लिए कंपनी तय की गई।
- 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की नींव रखी।
- 2026 में 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे।

11,200 करोड़ की लागत से विकसित किया गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा।

2.5 लाख टन शुरुआती कार्गो क्षमता, बढ़ाकर 18 लाख टन तक करने की योजना।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सात हजार जवान रहेंगे तैनात

उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में सात हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। जिसके लिए चार चरण का सुरक्षा घेरा होगा। कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले रास्तों पर निगरानी रखने के लिए 300 उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री की जनसभा में विभिन्न जनपदों से आने वाली करीब ढाई हजार से अधिक बस चालकों के पास गौतमबुद्ध नगर कलेक्ट्रेट के नियंत्रण कक्ष से फोन किए जाएंगे।

सुबह सात बजे से रात 11 बजे तक मालवाहक वाहनों पर रोक

हवाई अड्डे के उद्घाटन के कारण नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे, यमुना एक्सप्रेस वे और कार्यक्रम स्थल के आसपास की सड़कों पर सुबह सात से रात 11 बजे तक आपातकालीन वाहनों को छोड़कर सभी मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस ने मार्ग परिवर्तन के साथ पार्किंग की योजना भी जारी की है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

MILLENNIUM POST DELHI 28 MARCH 2026

Five-tier security, 5,000 personnel for Noida Int'l Airport inauguration

Elaborate security, emergency preparedness and traffic diversions for launch

DIPIKA KIROLA

NOIDA: A comprehensive five-tier security arrangement has been put in place and around 5,000 personnel deployed for the inauguration of the Noida International Airport at Jewar by Prime Minister Narendra Modi on Saturday, with authorities also enforcing traffic restrictions and diversions across Noida and Greater Noida to ensure smooth movement during the high-profile event.

According to officials, the venue and surrounding areas have been secured under a multi-layered security architecture in coordination with the Special Protection Group (SPG). Extensive checks, including anti-sabotage sweeps, bomb disposal squad inspections and anti-mine operations, have been carried out in advance.

Strict access control measures will be enforced at all entry points, with mandatory frisking, baggage screening and identity verification. Invitations issued for the event specify that wearing black clothing and

live streaming of the programme are prohibited.

Security deployment includes personnel from multiple agencies such as PAC, RAF, ATS and CISF, supported by Quick Reaction Teams stationed at strategic locations. Door Frame Metal Detectors have been installed at various points, along with separate enclosures for women attendees.

The area has been declared a red zone with a complete ban on drone operations, and anti-drone teams have been deployed. Authorities are also monitoring social media platforms to track misinformation and potential threats. A central control room has been set up for CCTV surveillance, while help desks will assist attendees at designated points.

Emergency preparedness has been strengthened through coordination with NDRF and SDRF teams. Fire tenders are on standby, evacuation routes have been marked, and mock drills conducted. Medical support will include ambulances, dedicated corridors for emergency movement and on-site medical desks.

TAKEAWAYS

- Traffic restrictions will be enforced across key routes, particularly along the Yamuna Expressway and roads connecting Noida and Greater Noida to Jewar
- Vehicular movement on certain stretches of the expressway will be regulated intermittently during VIP movement

Given the proximity to the Yamuna River, riverine patrolling arrangements have also been made. Additionally, background verification of vendors, staff and volunteers has been completed, and an integrated command and control system is in place for real-time coordination. In parallel, traffic restrictions will be enforced across key routes, particularly along the Yamuna Expressway and roads connecting Noida and Greater Noida to Jewar. Vehicular movement on certain stretches of the expressway will be regulated intermittently during VIP movement.

Heavy vehicles, including trucks and commercial carriers, will be barred from designated stretches during specific hours and diverted via alternative routes identified by the administration. Light motor vehicles may also be rerouted depending on congestion and security requirements.

Authorities have arranged parking for nearly 20,000 vehicles across 15 designated sites, and traffic personnel will be deployed at major intersections to manage flow and assist commuters.

Officials have advised residents to avoid non-essential travel towards Jewar and adjoining areas during peak hours, warning of heavy congestion, especially during the event window. Commuters travelling between Noida and Agra have been advised to allow extra time and check real-time traffic updates. Authorities have also planned phased crowd dispersal and traffic clearance measures to ensure smooth movement and an incident-free airport inauguration event.

WITH AGENCY INPUTS

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

NAVBHARAT TIMES DELHI 28 MARCH 2026

इस तरह पहुंचेंगे जनसभास्थल तक

शनिवार को समारोह में पहुंचने के लिए आम जन का प्रवेश किशोरपुर गांव की तरफ से होगा। गेट के अंदर पांच गेट बनाए गए हैं। ताकि लोग आसानी से जनसभा स्थल तक पहुंच जाएं। जबकि वीवीआईपी यमुना एक्सप्रेसवे के 32वें किमी पर बने इंटरचेंज से एयरपोर्ट में प्रवेश करेंगे। यहां 20 हजार से वाहनों के आने की उम्मीद है। इसके लिए 12 पार्किंग स्थल है। ताकि लोगों को वाहन खड़ा करने में दिक्कत न हो। इसमें मेरठ से आगरा तक के लोगों को आने की उम्मीद है।

अभी टैक्सी और अपनी गाड़ी ही सहारा

दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद आदि शहरों से नोएडा एयरपोर्ट पहुंचना चाहते हैं तो अभी टैक्सी या अपनी गाड़ी ही विकल्प है। आप यमुना एक्सप्रेसवे के जरिये नोएडा एयरपोर्ट पहुंच सकते हैं। यमुना एक्सप्रेसवे के 32वें किमी पर इंटरचेंज है। यहां से 800 मीटर पर एयरपोर्ट है।

नोएडा एयरपोर्ट को मिला DXN कोड

■ **NBT** रिपोर्ट, ग्रेनो : नोएडा एयरपोर्ट **DXN** के नाम से जाना जाएगा। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने इसे **DXN** कोड दिया है। अगर आप एयर टिकट बुकिंग कराते हैं तो आपको यही कोड डालना होगा। बुकिंग एप में यह कोड दिखने लगा है, लेकिन अभी बुकिंग नहीं शुरू हुई है।

PM आज करेंगे नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन, फ्लाइट के लिए करना होगा जून तक इंतज़ार

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा

इंतजार खत्म हो गया और आज जेवर नया इतिहास रचेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 11.30 बजे नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण और विमानों की मरम्मत के लिए बनने वाले एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और संचालन) सेंटर का शिलान्यास करेंगे। एयरपोर्ट का संचालन डोमस्टिक और कार्गो सुविधा के साथ शुरू होगा। यहां होने वाली पीएम जनसभा के लिए तीन बड़े पंडाल लगाए गए हैं। जनसभा में दो लाख लोगों के आने की संभावना है।

उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी

घरेलू व कार्गो उड़ानों से शुरुआत

एयरपोर्ट से शुरुआत में सिर्फ घरेलू व कार्गो उड़ाने होंगी। इंटरनैशनल उड़ाने शुरू होने में कुछ माह लग सकते हैं। शुरुआत में सिर्फ दिन में ही उड़ाने शुरू होंगी। एयरपोर्ट पर घरेलू व कार्गो टर्मिनल का काम पूरा हो चुका है, यहां सभी प्रकार के उपकरण लग चुके हैं। यहां से चंडीगढ़, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, अहमदाबाद, जयपुर, अयोध्या आदि शहरों की सेवाएं मिलेंगी। यहां से एक दिन में 65 फ्लाइट का संचालन किया जा जाएगा। इस रनवे पर एक घंटे में 30 फ्लाइट के टेकऑफ और लैंडिंग की क्षमता है। इस एयरपोर्ट से अभी इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस व आकासा एयरलाइंस सेवा मिलेंगी।

12 बजे प्रथम चरण का होगा उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह लगभग 11:30 बजे टर्मिनल भवन का निरीक्षण करेंगे। दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री एयरपोर्ट के प्रथम चरण का उद्घाटन करेंगे। हालांकि अभी संचालन नहीं शुरू होगा। समारोह में यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ, सिविल एविएशन मिनिस्ट्री के मंत्री राम मोहन नायडू शामिल होंगे। पहले चरण में 11,200 करोड़ खर्च किए गए हैं।

सुरक्षा प्लान मंजूर होने के बाद ही हो सकेगी टिकट बुकिंग

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा

नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ भले आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर देंगे, लेकिन इसका संचालन जून तक शुरू होने की उम्मीद है। अभी ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बकास) की ओर से सुरक्षा प्लान का अप्रूवल बाकी है। इसी अप्रूवल के बाद टिकट बुकिंग शुरू होगी। नोएडा एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने के लिए इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस व आकासा एयरलाइंस के साथ अनुबंध किया गया है। हालांकि अभी टिकट बुकिंग शुरू नहीं हुई है। सुरक्षा प्लान की मंजूरी मिलने के बाद ही एयरपोर्ट प्रबंधन एयरलाइंस को पत्र लिखेगा।

अभी ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से सुरक्षा प्लान का अप्रूवल बाकी, अप्रूवल मिलने के बाद एयरलाइंस को टिकट बुकिंग शुरू करने के लिए कहा जाएगा

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

NAVODAYA TIMES DELHI 28 MARCH 2026

नवोदय टाइम्स Sat,28 March 2026
Edition: main edition, Page no. 8

नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन आज

एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट से अब भर सकेंगे उड़ान

रनवे पर पहली बार उतरेगा पीएम का विमान

पांच किमी के दायरे में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

ग्रेटर नोएडा, 27 मार्च (नवोदय टाइम्स): देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एशिया के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ,जिला प्रशासन की तरफ से उद्घाटन की पूरी तैयारियां कर ली गई है।

नवनिर्मित एयरपोर्ट के रनवे पर पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान सुबह साढ़े 11 बजे के आसपास उतरेगा। एसपीजी ने पूरे एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा की कमान संभाल रखी है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल समेत अन्य दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। उद्घाटन के बाद वह एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसके लिए भाजपा संगठन ने पूरी तैयारी कर ली है। दावा किया जा रहा है कि जनसभा में दो लाख से अधिक लोग शामिल होंगे।

2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इस एयरपोर्ट का शिलान्यास कर भूमि पूजन किया था। अब दूसरी बार नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर उनका विमान उतरेगा। गेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, कार्गो टर्मिनल और एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और संचालन) का उद्घाटन करेंगे। उसके बाद एयरपोर्ट से कुछ ही दूरी पर पंडाल में पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए एयरपोर्ट परिसर में तीन बड़े पंडाल बनाए गए हैं। जिनमें आम लोगों के बैठने के लिए व्यवस्था होगी। शुक्रवार को भी एयरपोर्ट परिसर में बड़ी संख्या में तैयारियां करते हुए लोग नजर आए। साफ-सफाई से लेकर एयरपोर्ट की छत का निर्माण कार्य किया जा रहा था।

लगाए गए दिशा-निर्देश बोर्ड: यमुना एक्सप्रेस-वे से लेकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में किसी की प्रकार की लोगों को असुविधा न हो, इसके लिए जगह-जगह दिशा सूचक बोर्ड लगा दिए गए है। ताकि आसानी के साथ लोग कार्यक्रम स्थल तक पहुंच सके। हालांकि, वीवीआईपी और वीआईपी मार्ग पर शुक्रवार को ही आम लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई। वीवीआईपी के लिए यमुना एक्सप्रेस-वे के 32वें किलोमीटर पर बने इंटरचेंज से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करेंगे। सभी निधारिंत मार्गो पर पुलिस और सिक्यूरिटी गार्ड तैनात कर दिए गए है।

टेक ऑफ से होगा यूपी का आर्थिक विकास

- एयरक्राफ्ट पार्किंग 28 फ्लाइट की है
- टर्मिनल बिल्डिंग एरिया-1 101590 वर्गमीटर का है
- प्रवेश करने के लिए 48 चेक-इन काउंटर, 9 सुरक्षा जांच लेन, 9 इमिग्रेशन काउंटर

नोएडा, 27 मार्च (नवोदय टाइम्स): कागजों से धरातल तक पहुंचने का 25 साल का लंबा इंतजार। इन 25 सालों में उप्र में तीन सरकार भाजपा, बसपा और सपा कार्यकाल में जेवर में एयरपोर्ट बने या न बने इसको लेकर फाइले एक दूसरे विभाग के बीच बीच भेजी जाती रही।

केन्द्र सरकार के महकमों तक भी फाइल गई। आपत्तियों के लौटी फिर भेजी गई लेकिन वर्ष 2018 के बाद जेवर की धरती पर एयरपोर्ट बनेगा इसका निर्णय हुआ। जेवर क्षेत्र के छह गांवों के किसानों से जमीन खरीदने से हुई शुरूआत शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्टके लोकार्पण के साथ ही उप्र के आर्थिक दशा व दिशा बदल देगा।

उत्तरप्रदेश के आर्थिक विकास का जहाज उप्र को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत स्ट्रैटेजिक इंजन के रूप में सामने आएगा।

नोएडा व ग्रेटर नोएडा में जहां छोटे मझोले उद्योग से लेकर मल्टीनेशनल कंपनियां है। जो अपने उत्पादों को विश्व के लगभग 50 से अधिक देशों में सीधे तौर पर निर्यात करती है।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लिमिटेड एक साझा वेंचर है, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार का 37.5 फीसदी, नोएडा प्राधिकरण का 37.5 फीसदी, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक प्राधिकारण का 12.5 फीसदी और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक प्राधिकरण की 12.5 फीसदी शेयर होल्डिंग है।

विकास का सारथी

- नोएडा एयरपोर्ट के 15 किमी के दायरे यीडा के पांच औद्योगिक पार्क (मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क, एमएसएमई पार्क, टॉय पार्क और हैंडीक्राफ्ट पार्क)बन रहे है। जिसमें देश व विदेश की नामी कपंनियां अपनी इकाई लगाने के लिए जमीन खरीद चुकी है या निवेश की इच्छुक है। कुछ ने निर्माण भी शुरू कर दिया है।
- एयरपोर्ट से चंद किमी दूर ईस्टर्न-वेर्स्टन फ्रेट कॉरिडोर, जो देश का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स हब बन सकता है। इससे वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज और ई-कॉमर्स सेंटर्स का तेजी से विस्तार होगा।
- गौतमबुद्ध नगर के अलावा आगरा, मथुरा, एटा, मैनपुरी, इटावा, बुलंदशहर, अलीगढ़, पश्चिमी उप्र के किसान कृषि उत्पाद जैसे फल, सब्जियां, डेयरी और फूल अब सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भेजे जा सकेंगे। इससे किसानों की आय में 20-30 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है।
- एमएसएमई सेक्टर को फायदा मिलेगा। आगरा, खुर्जा, मुरादाबाद, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर के उद्योगों को लॉजिस्टिक्स लागत कम होने और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण आर्थिक लाभ होगा।
- आगरा, मथुरा, वृंदावन के पर्यटन और धार्मिक महत्व को देखते हुए नोएडा एयरपोर्ट की यमुना एक्सप्रेस वे से सीधी कनेक्टिविट,हर साल हजारों विदेशी मेहमान आते इन जगहों पर—दिल्ली एयरपोर्ट पर ट्रैफिक और भीड़ के मद्देनजर नोएडा एयरपोर्ट दिल्ली और गुरुग्राम के निवासियों के लिए भी अहम ट्रांजिट पॉइंट बनकर उभर सकता है।

- एयरपोर्ट के संचालन के शुरुआती पांच वर्षों में एयरपोर्ट आपरेशन, ग्राउंड हैंडलिंग, सिक्योरिटी, रिटेल और हास्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में 20,000 से अधिक तथा एमआरओ, कार्गो, लाजिस्टिक्स और एविएशन सर्विसेज में 30,000 से अधिक, कुल मिलाकर 50,000 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। वहीं कृषि, ट्रांसपोर्ट, सप्लाई चेन, एमएसएमई, होटल और पर्यटन जैसे सेक्टर्स में पांच लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे।
- एयरपोर्ट के विकास के साथ प्रदेश में रियल एस्टेट और औद्योगिक क्षेत्र में निवेश बूस्टर डोज मिलेगा।
- नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण तेजी से निवेश और औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरेंगे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

THE PIONEER DELHI 28 MARCH 2026

Route diversions announced ahead of PM's visit to Noida airport

PIONEER NEWS SERVICE
Noida

The Gautam Buddh Nagar Traffic Police has issued a detailed advisory ahead of Prime Minister Narendra Modi's visit to Noida International Airport on March 28. Noida Police officials have advised commuters to follow designated routes and avoid unnecessary travel near the venue to ensure the smooth conduct of the high-profile event.

According to Noida Police officials, the entry routes and parking zones have been marked. Vehicles from Meerut and Ghaziabad will be routed via the Eastern Peripheral Expressway, while those from Mathura and Aligarh will take the Yamuna Expressway. Separate parking zones have been earmarked, including P-07 for Meerut and P-06 for Ghaziabad.

Commercial vehicles will be diverted, and goods vehicles will be restricted on the Noida-Greater Noida Expressway and surrounding roads from 7 am to 11 pm.

Emergency vehicles such as ambulances and fire services will have uninterrupted passage. Parking Arrangements: 15 parking facilities have been arranged for 14,700 heavy and medium vehicles and 5,000 two-wheelers.

Traffic coming from Mathura and Aligarh via the Yamuna Expressway will exit at Jewar Cut and enter through Sabauta Underpass and Kishorpur Gate, with parking allocated in zones P-05, P-09 and P-11.

Vehicles from Hapur, Bulandshahr and nearby areas will be diverted along the Jewar-Khurja road and enter through Parohi Gate, with parking arranged in zones P-13 and P-14.

Dignitaries will access the venue through the dedicated Yamuna Expressway interchange and park in zones P-01, P-02 and P-03, while media personnel will enter via Kishorpur Gate and park in P-08. Police, administrative staff and government employees on duty will also use the Kishorpur Gate, with parking designated at P-10, while official buses will be routed via Dayanantpur and parked in P-15.

Commuters from Noida and Greater Noida using the Noida-Greater Noida Expressway will be diverted through specified roundabouts and service roads before entering via a temporary gate near Ranehra Police Post, with parking mainly at P-07.

Vehicles from Greater Noida West and surrounding areas will be routed through Pari Chowk, while those from Dankaur and nearby regions will follow service roads and canal routes to designated entry points. Two-wheelers and light motor vehicles will be allowed entry through Kishorpur Gate with parking at P-04, while vehicles from Jewar town will use the same gate and park in P-12.

Commercial vehicles on the Jewar-Tappal route will be diverted towards Tappal, while those from Khurja heading to Jewar will be stopped at Khurja itself and redirected.
